राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 15
अंक : 12
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
शुक्रवार 12 दिसंबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 एनएमआरसी की बोर्ड बैठक, योजना पर संशोधित नीति लागू
पेज 4 गुलरिया चीनी मिल के क्रय केंद्र मुरादपुर द्वितीय का निरीक्षण
पेज 6 खिलाड़ियों की भूमिका से ज्यादा छेड़छाड़ करने पर बोले

## संक्षिप्त खबरें

### इंडिगो मुआवजे में 10 हजार का ट्रैवल वाउचर देगा

**नई दिल्ली।** एयरलाइन कंपनी इंडिगो फ्लाइट कैंसिल से प्रभावित यात्रियों को रिफंड के अलावा मुआवजे में ट्रैवल वाउचर भी देगी। कंपनी ने गुरुवार को बताया कि 3-5 दिसंबर के बीच फ्लाइट कैंसिल से ज्यादा परेशान हुए पैसेंजर्स को 10000 का ट्रैवल वाउचर मिलेगा। हालांकि इंडिगो ने यह साफ नहीं किया है कि ज्यादा परेशान का मतलब क्या है और किन यात्रियों को यह मुआवजा मिलेगा। एयरलाइन ने बताया कि ट्रैवल वाउचर अगले 12 महीने तक किसी भी इंडिगो फ्लाइट की बुकिंग के लिए इस्तेमाल किया जा सकेगा। कंपनी के अनुसार यह मुआवजा उन 5000-10,000 रुपए के अलावा होगा, जो फ्लाइट उड़ाने के 24 घंटे के अंदर कैंसिल होने पर मिलता है।

### एमपी के इंदौर में 10 साल में सबसे ज्यादा सर्दी

**नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ।** पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी के बीच मध्य प्रदेश में सर्दी बढ़ गई है। इंदौर में गुरुवार रात न्यूनतम तापमान 4.5 डिग्री दर्ज किया गया। यह 10 साल में सबसे कम टेम्परेचर है। राजस्थान के माउंट आबू, नागौर और फतेहपुर समेत कुछ इलाकों में न्यूनतम तापमान 3 डिग्री तक पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को कई शहरों में शीतलहर का अलर्ट है। उत्तराखंड में बर्फबारी के बाद अब पाला गिरा रहा है। इससे नदी, नाले और झरने जम गए हैं। चमोली और पिथौरागढ़ में पानी की पाइपलाइन जम गई है।



## हैप्पी मॉर्निंग


कॉलेज में एक दिन एक स्मार्ट-सा लड़का, क्लास में घुसा। लड़कियों ने देखते ही दिल थाम लिए-उफ्फ, कितना हैंडसम है! पर कुछ सेकंड बाद ही सबके चेहरे लटक गए। आर्यन बड़े ही नर्म लहजे में बोला- जरा साइड हो जाएं बहन जी झाड़ू लगानी है।



## शायरी

हकीकत में गरीबो को न्याय
मिलता नहीं,
पर यह सच कोई किसी से
कहता नहीं.

## अर्थसार



सेंसेक्स:
84,818.13
+426.86 (0.51%)
निफ्टी:
25,898.55
+140.55

## मौसम



अधिकतम : 23 डिग्री से0
न्यूनतम : 08 डिग्री से0
सूर्योदय शनिवार : 7 : 05
सूर्यास्त शुक्रवार : 5 : 27

### दिल्ली मेट्रो अभियान



विश्व स्वास्थ्य संगठन की प्रभारी अधिकारी कैथरीना बोहेम, नई दिल्ली में दिल्ली मेट्रो अभियान के दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सदस्यों के साथ।

### बांग्लादेश में 12 फरवरी को चुनाव

**ढाका।** बांग्लादेश में अगले साल 12 फरवरी को आम चुनाव होंगे। देश के मुख्य चुनाव आयुक्त एएमएम नासिरउद्दीन ने गुरुवार शाम इसका ऐलान किया। यह चुनाव पूर्व पीएम शेख हसीना के तख्तापलट के डेढ़ साल बाद हो रहा है। 5 अगस्त 2024 को हुए तख्तापलट के बाद हसीना देश छोड़कर भारत आ गई थीं। इसके बाद से वहां पर मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार चल रही है। अगले साल होने वाले चुनाव में हसीना की पार्टी हिस्सा नहीं ले पाएगी। बांग्लादेश की सबसे बड़ी पार्टी अवामी लीग का पंजीकरण चुनाव आयोग ने मई 2025 में निलंबित कर दिया था। पार्टी के बड़े नेताओं को अंतरिम सरकार गिरफ्तार कर चुकी है। अवामी लीग चुनाव लड़ने और राजनीतिक गतिविधियों पर रोक लगा दी गई है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि उसी दिन जुलाई चार्टर को लेकर जनमत संग्रह किया जाएगा। जुलाई चार्टर संवैधानिक और राजनीतिक सुधार का एक दस्तावेज है।

# अरुणाचल में ट्रक खाई में गिरा, 21 लोगो की मौत

**जिंदा बचा एक मजदूर 2 दिनों तक पैदल चलकर आर्मी कैंप पहुंचा, तब हादसे की जानकारी मिली**

**अरुणाचल प्रदेश।** अरुणाचल प्रदेश के अनजॉ जिले के हयुलियांग इलाके में एक ट्रक 1000 फीट गहरी खाई में गिर गया। इस हादसे में ड्राइवर और क्लीनर समेत 21 की मौत हो गई। बचाव दल को 18 शव मिल चुके हैं। यह हादसा 8 दिसंबर का है। जानकारी गुरुवार को सामने आई।

दरअसल, हादसे में एक व्यक्ति जीवित बचा था, जो दो दिन तक पैदल चलकर किसी तरह आर्मी कैंप पहुंचा। इसके बाद आज सुबह आर्मी के बचाव दल की टीमें मौके पर पहुंचीं। टीम को घटनास्थल पर पहुंचने में 10 से ज्यादा घंटे लगे।



### हादसा 8 दिसंबर की रात हुआ था

हादसे में घायल व्यक्ति खाई से मुश्किल से बाहर निकला और हयुलियांग-चगलगाम रोड पर पहुंचा। दो दिन तक पैदल चलकर दिसंबर की रात चिपरा त्रत्रश्र्स्न कैंप तक पहुंचा। यहां उसने जवानों को हादसे की जानकारी दी। इसके बाद गुरुवार सुबह आर्मी ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। हादसे वाली जगह चगलगाम से लगभग 12 किलोमीटर आगे पहाड़ी और घने जंगल वाला इलाका है। यहां बहुत ही कम आवाजाही होती है।

घनी झाड़ियों में फंसा था ट्रक, आर्मी को खोजने में लगे 4 घंटे आर्मी की रेस्क्यू टीमें रस्सी से खाई में उतरीं और करीब 4 घंटे की मशक्कत के बाद ट्रक तक पहुंची। दरअसल ट्रक खाई में घनी झाड़ियों में फंसा हुआ था, जिससे यह दूर से नजर नहीं आ रहा था। बचाव टीमों को 18 शव मिल चुके हैं, जिन्हें बेले रोप्स की मदद से ऊपर लाया जा रहा है। मौके पर बचाव टीमें, मेडिकल टीमें, GREF प्रतिनिधि, स्थानीय पुलिस और NDRF की टीमें मौजूद हैं।

अनजॉ के ADC हायुलियांग ने बताया कि जिला परिषद सदस्य और चगलगाम के ठेकेदारों से भी पूछताछ की जा रही है, जिससे मजूदरों की पहचान की जा सके।

# ममता बोलीं- शाह खतरनाक, वे दुर्योधन-दुशासन जैसे



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को खतरनाक करार दिया है। ममता ने गुरुवार को कृष्णानगर की रैली में कहा कि शाह की आंखों में दहशत है। उनकी एक आंख में आपको दुर्योधन तो दूसरी आंख में दुशासन दिखाई देगा।

ममता ने स्पेशल इंटेसिव रिवीजन को लेकर महिलाओं से कहा- वे (केंद्र सरकार) एसआईआर के नाम पर मांओं-बहनों के अधिकार छीन लेंगे। वे चुनाव के दौरान दिल्ली से पुलिस बुलाएंगे।

ममता ने महिलाओं से ये भी कहा- अगर आपके नाम काटे गए तो आपके पास किचन के बर्तन हैं, इनसे लड़िए। अपने नाम को लिस्ट से कटने मत देना। महिलाएं आगे आकर लड़ेंगी, पुरुष इनके पीछे रहेंगे। ममता ने आरोप लगाया कि 2026 के विधानसभा चुनाव से ठीक पहले एसआईआर को राजनीतिक हथियार बनाया जा रहा है। अमित शाह वोटों के इतने भूखे हैं कि चुनाव से दो महीने पहले ही यह प्रक्रिया चला रहे हैं।

### एसआईआर बीजेपी को फायदा पहुंचाने के लिए हो रहा

ममता ने रैली में ये भी कहा कि अक्टूबर से 12 राज्यों में एसआईआर चल रहा है। इस प्रक्रिया का मकसद गलत मतदाता का नाम हटाना और नए मतदाता जोड़ना है। यह बीजेपी को फायदा पहुंचाने के लिए हो रहा है। ममता ने केंद्र पर बंगालियों को बांग्लादेशी बताकर डिटेंशन कैंप भेजने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि दिल्ली से बीजेपी समर्थक अफसर भेजे जा रहे हैं, जो जिलाधिकारियों की निगरानी कर रहे हैं। अगर किसी को बाहर निकाला गया, तो हम वापस लाएंगे। बंगाल का मामला अलग है।?

# 5 राज्य, 1 यूटी में एसआईआर की समयसीमा बढ़ी

**एमपी-छत्तीसगढ़ में 18, यूपी में 26 दिसंबर तक फॉर्म भर सकेंगे; पहले 11 दिसंबर लास्ट डेट थी**

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने गुरुवार को 5 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन की समयसीमा बढ़ा दी। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और अंडमान-निकोबार में 18 दिसंबर तक फॉर्म भर सकेंगे।

उत्तर प्रदेश में 26 दिसंबर, गुजरात और तमिलनाडु में 14 दिसंबर तक फॉर्म भरे जा सकेंगे। पहले फॉर्म भरने की आखिरी तारीख 11 दिसंबर थी। आयोग ने बताया कि



गोवा, पुडुचेरी, लक्षद्वीप, राजस्थान और पश्चिम बंगाल के लिए समयसीमा गुरुवार को ही समाप्त होगी और ड्राफ्ट मतदाता सूची 16 दिसंबर को पब्लिश की जाएगी।

केरल में पहले ही अखिरी तारीख 18 दिसंबर कर दी गई थी जिसका ड्राफ्ट 23 दिसंबर को पब्लिश होगा।

### 30 नवंबर को एसआईआर की डेडलाइन 7 दिन बढ़ाई गई थी

चुनाव आयोग ने 30 नवंबर को एसआईआर की समयसीमा एक सप्ताह बढ़ाने का फैसला किया था। आयोग ने कहा था कि अब अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी 2026 को प्रकाशित की जाएगी।

मतदाता जोड़ने-हटाने का एन्यूमरेशन पीरियड यानी वोटर वेरिफिकेशन अब 11 दिसंबर तक चलेगा, जो पहले 4 दिसंबर तक तय था।

पहले ड्राफ्ट लिस्ट 9 दिसंबर को जारी होनी थी, लेकिन अब इसे 16 दिसंबर को जारी किया जाएगा।

# 2 साल में 1,951 बार विमान के जीपीएस से छेड़छाड़

**सरकार ने संसद में जानकारी दी; फेक सिग्नल कौन भेजता है इसके बारे में पता नहीं**

**नई दिल्ली।** भारत में पिछले 2 सालों में विमानों के जीपीएस सिस्टम के साथ 1,951 बार छेड़छाड़ की घटनाएं हो चुकी हैं। सरकार ने गुरुवार को लोकसभा में यह जानकारी दी। जीपीएस विमान को उसकी सही लोकेशन, दिशा और ऊंचाई बताता है। उड़ान के दौरान नेविगेशन में अहम भूमिका निभाता है।

जीपीएस डेटा में गड़बड़ी से विमान की दिशा भटक सकती है जो किसी बड़ी घटना का कारण बन सकती है। कुछ दिन पहले दिल्ली, मुंबई,



कोलकाता, अमृतसर, हैदराबाद, बेंगलुरु और चेन्नई एयरपोर्ट पर भी जीपीएस स्पूफिंग और छेड़छाड़ की घटनाएं सामने आई थीं।

नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने कहा कि वायरलेस मॉनिटरिंग ऑर्गेनाइजेशन इसकी जांच कर रहा है। 10 नवंबर को डीजीसीए ने दिल्ली एयरपोर्ट के आसपास जीपीएस स्पूफिंग/जीएनएसएस से छेड़छाड़ की रियल-टाइम रिपोर्टिंग के लिए एसओपी जारी की थी।

# देश में 5.50 करोड़ केस कोर्ट में पेंडिंग

**इनमें से 90 हजार सुप्रीम कोर्ट में, 25 हाई कोर्ट में 63 लाख मामले लंबित**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को राज्यसभा में बताया कि देशभर की अदालतों में कुल 5.49 करोड़ से अधिक केस पेंडिंग हैं।

कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने एक लिखित उत्तर में कहा कि सुप्रीम कोर्ट से लेकर निचली अदालतों तक लंबित मामलों का बोझ लगातार बढ़ रहा है।

सरकार की तरफ से जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट में 90,897 मामले, देश के 25 हाई कोर्ट में 63,63,406 मामले और निचली अदालतों में 4,84,57,343 मामले लंबित हैं। यह आंकड़े 8 दिसंबर तक के हैं।

मेघवाल ने बताया कि न्यायिक देरी कई कारणों की वजह से होती है- मामलों की जटिलता, सबूतों की प्रकृति, वकीलों, जांच एजेंसियों,



गवाहों और वादियों का सहयोग, तथा अदालतों में पर्याप्त ढांचे और स्टाफ की उपलब्धता जैसे कारक लंबित मामलों को बढ़ाते हैं।

### सीजेआई सूर्यकांत ने भी चिंता जताई थी

सीजेआई सूर्यकांत ने 22 नवंबर को शपथ लेने से दो दिन पहले कहा था कि देश में 5 करोड़ से ज्यादा पेंडिंग केस न्यायपालिका के लिए सबसे बड़ी चुनौती हैं।

उन्होंने कहा कि इन बैकलॉग से निपटना और विवाद सुलझाने के लिए मीडिएशन को बढ़ावा देना, उनकी दो प्रायोरिटी होंगी।

जस्टिस सूर्यकांत ने कहा- सुप्रीम कोर्ट में पेंडिंग केस की संख्या 90 हजार को पार कर चुकी है। मेरी पहली और सबसे बड़ी चुनौती ये पेंडिंग केस हैं। मैं इस बात में नहीं जा रहा कि यह कैसे हुआ, कौन जिम्मेदार है। हो सकता है लिस्टिंग बढ़ गई हो।

उन्होंने उदाहरण दिया कि दिल्ली के लैंड एक्विजिशन विवाद से जुड़े करीब 1,200 मामले उनके एक फैसले से निपटे थे।

जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि दूसरा मुद्दा मीडिएशन है। यह विवाद सुलझाने के सबसे आसान तरीकों में से एक है और यह सच में गेम चेंजर हो सकता है।

# गोवा अग्निकांड : लूथरा ब्रदर्स थाईलैंड में हिरासत में लिए गए

**हाथों में हथकड़ी, पासपोर्ट पकड़े तस्वीर आई; दिल्ली कोर्ट में जमानत अर्जी खारिज**



**नई दिल्ली।** गोवा के बिर्च नाइट क्लब में अग्निकांड के पांचवें दिन, गुरुवार को क्लब के मालिक सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा को थाईलैंड में हिरासत में ले लिया गया। थाइलैंड पुलिस ने दोनों भाइयों की तस्वीरें भी जारी की हैं, जिनमें उनके हाथों में हथकड़ी लगी है। वे अपने पासपोर्ट पकड़े हुए हैं। इधर, दिल्ली के रोहिणी कोर्ट ने गुरुवार को लूथरा ब्रदर्स की ट्रांजिट अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी। सूत्रों के अनुसार, भारतीय अधिकारियों की एक टीम थाईलैंड के लिए रवाना हो चुकी है और 24 घंटे के भीतर लूथरा ब्रदर्स को वापस लेकर आएगी। संभावना है कि भारत लाने के बाद गोवा पुलिस दोनों को अपनी हिरासत में लेगी।

### गोवा अग्निकांड मामले में कल के अपडेट्स-

- नॉर्थ गोवा जिला प्रशासन ने नाइट क्लबों, होटलों और उन जगहों पर आतिशबाजी पर बैन लगा दिया है, जहां पर पर्यटकों का आना-जाना हो। नाइट क्लब में इलेक्ट्रिक पटाखों से ही आग लगी थी।
- दिल्ली के रोहिणी कोर्ट ने लूथरा ब्रदर्स की जमानत याचिका खारिज कर दी।
- गोवा पुलिस ने लूथरा ब्रदर्स के पासपोर्ट सस्पेंड कर दिए हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार, पासपोर्ट एक्ट 1967 की धारा 10ए के तहत केंद्र सरकार या उसका नियुक्त अधिकारी किसी का पासपोर्ट सस्पेंड कर सकता है।
- दिल्ली फायर सर्विस ने गोवा की घटना और क्रिसमस-न्यू ईयर सेलिब्रेशन को देखते हुए सभी रेस्टोरेंट, होटल और क्लब जैसे सार्वजनिक जगहों पर फायर सेफ्टी की व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को तत्काल जांच के निर्देश दिए हैं।

**फांसी की सजा** | **9 लोगों को उम्रकैद; दुर्गा पूजा के दौरान धारदार हथियारों से हमला किया था**

# बहराइच में भगवा फहराने पर हत्या करने वाले को फांसी

**बहराइच।** यूपी के बहराइच में सालभर पहले हुई हिंसा में रामगोपाल मिश्रा की गोली मारकर हत्या करने वाले सरफराज को फांसी की सजा दी गई है।

हत्या में साथ देने पर सरफराज के पिता अब्दुल हमीद, दो भाई- फहीम और तालिब समेत 9 को उम्रकैद की सजा सुनाई है।

इससे पहले कड़ी सुरक्षा में सभी दोषियों को जेल से कोर्ट लाया गया। अदालत ने बारी-बारी से सभी आरोपियों के खिलाफ सजा सुनाई। इस दौरान कोर्ट में गहमागहमी रही।


रामगोपाल की पत्नी रोली और दोषियों के परिजन कोर्ट पहुंचे थे। एक बच्ची रोती नजर आई। अपराधियों के घरों के बाहर फोर्स तैनात किया गया है।

बहराइच के अपर सत्र न्यायाधीश की कोर्ट ने 13 महीने 28 दिन में गुरुवार को फैसला सुनाया है।

दो दिन पहले ही अदालत ने 13 अभियुक्तों में से 10 को मॉब लिंचिंग समेत कई धाराओं में दोषी करार दिया था।

कोर्ट ने तीन आरोपियों खुर्शीद, शकील और अफजल को बरी कर दिया है।

बहराइच के महराजगंज बाजार में 13 अक्टूबर, 2024 को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान हिंसा हुई थी। इसी



दौरान राम गोपाल मिश्रा सरफराज के घर की छत पर चढ़ गया था। उसने वहां लगे इस्लामिक हरे झंडे को उतारकर फेंक दिया था। फिर भगवा झंडा फहराया था। इसपर सरफराज ने पहले सीने पर गोली मारी, फिर उसके साथियों ने पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी।

### मुख्य आरोपी का भाई बोला- हमने कुछ नहीं किया

पुलिस जब आरोपियों को कोर्ट लेकर आई तो मुख्य आरोपी सरफराज का भाई मीडियाकर्मियों से भिड़ गया। वैन में बैठे-बैठे उसने कहा, हमने कुछ नहीं किया है। सवाल पूछते हुए बोला- आप लोगों ने मेरा पक्ष लिया, मुझसे पूछा गया। मेरी तरफ से एक भी मुकदमा दर्ज हुआ। आप लोग मेरा पक्ष नहीं दिखा रहे हैं। आपने कैसे कह दिया कि हमने सब किया है। हमने कुछ नहीं किया है।

**रामगोपाल की पत्नी रोली ने फैसले पर कहा :** हम अदालत के फैसले से संतुष्ट हैं। हमारे पति को गोली मारने वाले को फांसी हो गई। आत्मा को शांति मिली है।

योगी जी ने हमारी सभी मांग पूरी कर दी है। हम एक और योगी जी से मिलना चाहते हैं। जिला शासकीय अधिवक्ता प्रमोद चौहान ने बताया, कोर्ट ने इसे ब्रूटल मर्डर माना है। एक को फांसी दी गई है, बाकी 9 को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है।

# दिल्ली में अब 11 की जगह 13 जिले होंगे

**दिल्ली कैबिनेट ने प्रस्ताव मंजूर किया; लागू करने के लिए एलजी को भेजा जाएगा**

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैबिनेट ने गुरुवार को बड़ा फैसला लेते हुए मौजूदा 11 जिलों को 13 नए जिलों में बदलने का प्रस्ताव पास कर दिया है। इसे लागू करने के लिए लेफ्टिनेंट गवर्नर विनय कुमार सक्सेना को भेजा जाएगा। ये नए जिले एमसीडी के 12 जोन, न्यू दिल्ली म्युनिसिपल काउंसिल (एनडीएमसी) और दिल्ली कैंटोनमेंट बोर्ड के साथ पूरी तरह मेल खाएंगे। ?

इस बदलाव से एसडीएम कार्यालयों की संख्या 33 से बढ़कर 39 हो जाएगी। हर जिले में मिनी सेक्रेटेरिएट बनेगा, जहां ज्यादातर सरकारी सेवाएं एक ही जगह मिलेंगी। सीएम रेखा गुप्ता पहले ही इसकी घोषणा कर चुकी हैं।

पहले दिल्ली में 11 राजस्व जिले थे- सेंट्रल, ईस्ट, न्यू दिल्ली, नॉर्थ, नॉर्थ ईस्ट, नॉर्थ वेस्ट, शाहदरा, साउथ, साउथ ईस्ट, साउथ वेस्ट और वेस्ट।

लेकिन एमसीडी के 12 जोन और एनडीएमसी-कैंटोनमेंट के अलग इलाके होने से जगहों पर भ्रम और झगड़े होते थे। 2012 में आखिरी बार साउथ-ईस्ट और शाहदरा जिले बने थे।?

# संपादकीय

## इंडिगो संकट : उड़ानें रद्द, महंगा किराया - सरकार की नाकामी का एक और सबूत



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

### प्रस्तावना — जब एक कंपनी की लापरवाही पूरे देश को जमीन पर ला दे

भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने दिसंबर 2025 में ऐसा संकट पैदा किया, जिसने विमानन क्षेत्र की खोखली नीतियों और सरकारी उदासीनता को पूरी तरह नंगा कर दिया।

2 दिसंबर से शुरू हुआ यह हादसा केवल तकनीकी या प्रबंधन का संकट नहीं था—यह उस सिस्टम के चरमराने का उदाहरण है जो वर्षों से चेतावनी सुनने को तैयार ही नहीं।

इंडिगो ने 3,400 से अधिक उड़ानें रद्द कर दीं।

मुख्य एयरपोर्टों पर हजारों यात्री फंसे, होटल नहीं, भोजन नहीं, जानकारी नहीं।

और दूसरी ओर — एयरलाइंस ने किरायों को लूट के हथियार की तरह इस्तेमाल किया।

सामान्य 5,000 का टिकट 80,000 तक पहुंच गया।

यह सिर्फ इंडिगो की गलती नहीं; यह नीति-निर्माताओं की विफलता की सबसे ताज़ा मिसाल है।

### संकट का असली कारण — नियमों की जानकारी थी, पर तैयारी नहीं

नए FDTL (Flight Duty Time Limit) नियम जनवरी 2024 में अधिसूचित हुए थे।

उद्देश्य था — पायलटों को पर्याप्त आराम मिले ताकि थकान के कारण दुर्घटनाएँ कम हों।

### लेकिन इंडिगो, जिसके पास घरेलू बाजार का 60-65 प्रतिशत हिस्सा है, ने :

- पायलट भर्ती टाली
- मौजूदा क्रू से अधिक काम कराया
- नया रोस्टर समय पर तैयार नहीं किया

### जिसका नतीजा

5 दिसंबर को अकेले 1,600 उड़ानें रद्द और ओटीपी गिरकर 8.5 प्रतिशत—यानी लगभग हर उड़ान लेट या रद्द।

### फेडरेशन ऑफ इंडियन एयरलाइंस ने इसे सीधा शब्दों में कहा

यह वर्षों की लीन मैनपावर प्लानिंग और शॉर्टकट संस्कृति का नतीजा है।

### यात्रियों की त्रासदी — भारतीय आकाश में अराजकता

दिल्ली हवाई अड्डा शरणार्थी कैंप जैसा दिखा।
परिवारों ने रातें ठंडे फर्श पर बिताईं।
रिफंड ? 827 करोड़ में से सिर्फ आधा दिया गया।
बैगेज ? 9,000 खोए बैग में से केवल 4,500 लौटे।

### एक यात्री का पोस्ट

'इंडिगो ने उड़ान कैंसिल की, लेकिन रिफंड कहां ? बाकी टिकटें 90,000 की हो गई। हम फँस गए हैं।'

मुंबई, बैंगलोर—हर जगह अफरातफरी।

इंडिगो सीईओ पीटर एल्बर्स का माफीनामा वीडियो जनता के जख्मों पर नमक जैसा लगा—भावना नहीं, सिर्फ पीआर।

### एयरलाइंस का 'सर्ज प्राइसिंग' — आपदा में अवसर

इंडिगो की विफलता अन्य कंपनियों के लिए कमाई का मौका बन गई।
मेकमाइट्रिप के अनुसार :

- दिल्ली-बेंगलुरु टिकट : 40,000 - 80,000
- कोलकाता-मुंबई टिकट : 90,000

### एक यात्री का दर्दभरा पोस्ट

'इंडिगो बाजार में 90 प्रतिशत उड़ानें चलाती है, विकल्प कहां ? सरकार क्यों सो रही है ?'

जब बाजार में एकाधिकार हो, तब उपभोक्ता हमेशा सबसे बड़ा शिकार बनता है।

### सरकार का हस्तक्षेप — देर से, कमजोर और आधा-अधूरा

**6 दिसंबर को सरकार जागी और किराया कैप लगाया :**

- 500 किमी तक 7,500
- 1,500 किमी से अधिक पर 18,000

रेलवे ने 37 ट्रेनों में 116 कोच जोड़े।
पर यह हरकत संकट खत्म होने के बाद की है — यह राहत नहीं, नौटंकी है।

### सबसे बड़ा सवाल

जनवरी 2024 से नियम थे, सरकार ने अप्रैल-नवंबर तक निगरानी क्यों नहीं की ?
इंडिगो को तैयारी का समय सुनिश्चित क्यों नहीं कराया गया ?
भारतीय पायलटों की विदेशी एयरलाइंस में भर्ती पर रोक क्यों ?




# यूनेस्को ने दीपावली को विश्व धरोहर घोषित किया

-: ललित गर्ग :-



यूनेस्को द्वारा दीपावली को अमूर्त विश्व धरोहर घोषित किया जाना भारत की सांस्कृतिक चेतना का ऐसा महत्त्वपूर्ण क्षण है, जो न केवल भारतीयों को गौरवान्वित करता है बल्कि यह सिद्ध करता है कि भारतीय सभ्यता की आत्मा आज भी मानवता का मार्गदर्शन करने की क्षमता रखती है। दीपावली मात्र एक त्योहार नहीं, बल्कि जीवन, आत्मा, संबंध, समरसता और विश्वबंधुत्व का प्रकाशग्रंथ है। यह वह विरासत है जो हजारों वर्षों से मानव को अंधकार से प्रकाश, अज्ञान से ज्ञान, ईर्ष्या से प्रेम और भय से विश्वास की यात्रा पर ले जाती रही है।

दीपावली की महिमा को समझना अर्थात भारतीय संस्कृति की गहराई को समझना। यह संस्कृति केवल मंदिरों, शास्त्रों, उत्सवों और अनुष्ठानों में नहीं बसती, बल्कि मनुष्य की स्मृति, संवेदना, आस्था और जीवन व्यवहार में प्रवाहित होती है। इसीलिए इसे 'अमूर्त' कहा जाता है, क्योंकि यह मूर्त नहीं, परंतु सबसे अधिक जीवंत है। दीपावली इसी जीवंतता का सर्वोच्च उत्सव है।

जब अयोध्या की रामपैड़ी पर 26.17 लाख दीपकों ने एक साथ जगमग कर दुनिया को चमत्कृत किया, तब वह दृश्य सिर्फ दीयों का समुद्र नहीं था, बल्कि भारत की सांस्कृतिक रोशनी का वैश्विक उद्घोष था, एक ऐसा उद्घोष जिसने दुनिया को यह विश्वास कराया कि भारत की परंपराएं आज भी सार्वभौमिक प्रेरणा शक्ति हैं। यूनेस्को का निर्णय इसी चमत्कार की परिणति है।

दीपावली के केंद्र में केवल पूजा-पाठ नहीं, बल्कि जीवन का दर्शन है। यह पर्व मनुष्य को याद दिलाता है कि हर कठिनाई, हर पीड़ा, हर अंधकार के भीतर एक दीप जलने की संभावना छिपी होती है। हिंदू, जैन, बौद्ध और सिख परंपराओं में दीपावली का अलग-अलग महत्व है, मगर संदेश एक ही है, प्रकाश का मार्ग ही मानवता का मार्ग है। यही अखंड संदेश अब विश्व स्तर पर मान्यता पा रहा है।

भारत की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहरें सदैव मानव-कल्याण की प्रेरक रही हैं। कुंभ, वैदिक मंत्रोच्चार, रामलीला, योग, दुर्गा पूजा जैसी परंपराएँ पहले से विश्व धरोहर सूची में शामिल रही हैं। दीपावली के जुड़ने से यह सूची और उज्जवल हुई है। दीपावली यूनेस्को के उस उद्देश्य को पूर्ण रूप देती है जिसमें कहा गया है कि मानवता की सबसे बड़ी शक्तियाँ वे परंपराएँ हैं जो समय के साथ खो न जाएँ।

दीपावली भारतीय समाज की आर्थिक, सामाजिक और मानवीय संरचना को एक गहरा संदेश देती है। एक छोटा कुम्हार, जो अपने हाथों से दीए बनाता है, उसी दीये की रोशनी से करोड़ों घर रोशन होते हैं। एक छोटे व्यापारी की दुकान भी दीपावली पर उतनी ही महत्वपूर्ण होती है जितनी एक बड़ी कंपनी की। यह त्योहार बताता है कि समाज प्रकाश तभी बनता है जब हर व्यक्ति के जीवन में रोशनी पहुंचे। इसीलिए यह उत्सव भारतीय सामुदायिक चेतना का उत्सव है, समता और समान अवसरों का उत्सव है।

दुनिया आज विभाजन, युद्ध, तनाव, भौतिक लालच और मानसिक अंधकार से जूझ रही है। ऐसे समय में दीपावली का संदेश पहले से अधिक प्रासंगिक है कि एक दीप की लौ किसी भी गहन अंधकार को चुनौती दे सकती है। भारत ने सदियों से दुनिया को यही बताया है कि नैतिक साहस, सद्भाव, शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा ही सभ्यताओं को टिकाऊ बनाती है। दीपावली इस सत्य का प्रत्यक्ष प्रतीक है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आधुनिक सोच और सांस्कृतिक कूटनीति ने भारत की इन अवधारणाओं को दुनिया के सामने नई ऊर्जा के साथ स्थापित किया है। योग की वैश्विक मान्यता हो, आयुर्वेद का उभार हो, रामायण सम्मेलन हों या भारतीय त्योहारों का अंतरराष्ट्रीयकरण, यह सब भारत की सॉफ्ट पावर की विजय है। दीपावली को यूनेस्को सूची में शामिल किया जाना इसी सॉफ्ट पावर की अगली खूबसूरत सीढ़ी है।

मोदी का वसुधैव कुटुंबकम का मंत्र अब भारत की विदेश नीति ही नहीं, बल्कि विश्व-दृष्टि बन चुका है। इसी भावना ने जी20 से लेकर वैश्विक मंचों पर भारत की पहचान को मजबूत किया है।

दीपावली का वैश्विक सम्मान इसी मंत्र का विस्तार है, क्योंकि यह त्योहार हर मानव को यह याद दिलाता है कि दुनिया एक है, पीड़ा साझा है, और आनंद भी साझा होना चाहिए।

दीपावली केवल आध्यात्मिक पर्व नहीं, बल्कि सांस्कृतिक मनोविज्ञान भी है। यह मन को खाली नहीं करती, उसे भरती है, उसे बुझाती नहीं, उसे जगाती है। दीपावली मन की धूल झाड़ने, जीवन के प्रति नई आशा जगाने और अपने भीतर छिपे प्रकाश को पहचानने का अवसर है। यही कारण है कि इसे विश्व धरोहर घोषित करना पूरी मानवता के आध्यात्मिक भविष्य को मान्यता देना है।

वैश्वीकरण के प्रभाव ने दुनिया को तकनीकी रूप से भले ही जोड़ा हो, पर मानसिक रूप से विभाजन बढ़ा दिया है।

ऐसे में भारत की सांस्कृतिक विविधता, विशेषकर दीपावली जैसी परंपराएँ, सभ्यताओं के बीच एक दार्शनिक पुल का काम करती हैं। ये त्योहार दुनिया को यह बताते हैं कि जीवन केवल उपभोग नहीं, संवेदना है, केवल प्रगति नहीं, समरसता है, केवल विकास नहीं, मूल्य भी हैं।

यूनेस्को की घोषणा के बाद अब दुनिया दीपावली को केवल भारतीय या धार्मिक त्योहार के रूप में नहीं देखेगी, बल्कि इसे वैश्विक नैतिक चेतना के रूप में स्वीकार करेगी। यह उस विरासत का सम्मान है जो अतीत से चली आ रही है पर भविष्य को दिशा देती है।

यह भारत की उस आध्यात्मिक शक्ति का प्रमाण है जिसे दुनिया युगों से सम्मान देती आई है।


अब यह भी हमारा दायित्व है कि दीपावली की इस उज्ज्वल विरासत को हम और अधिक संवारे, संजोएं और इसे केवल उत्सव के रूप में नहीं, बल्कि जीवन-दर्शन के रूप में अपनाएं। जब हम अपने भीतर एक दीप जलाते हैं, तो उसके प्रकाश में पूरी दुनिया का मार्गदर्शन संभव होता है, यही भारतीय संस्कृति की शक्ति है, यही दीपावली की महिमा है।

निस्संदेह, दीपावली का वैश्विक होना भारत की सांस्कृतिक आत्मा की विजय है। यह वह क्षण है जो बताता है कि भारत केवल एक भू-राजनीतिक शक्ति नहीं, बल्कि मानवता का आध्यात्मिक मार्गदर्शक भी है। आने वाले समय में यह प्रकाश दुनिया के हर कोने तक पहुंचे, यही दीपावली का संदेश और भारत की सांस्कृतिक जिम्मेदारी है।

दीपों का यह उत्सव अब केवल भारत का नहीं रहाकृअब यह मानवता का उत्सव है, और भारत की यह रोशनी आने वाले समय में वैश्विक चेतना का नया सूरज बनकर उदित होगी।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3737




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



काकुरो - 3736 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

विवाह के बाद प्रेमी ने प्रेमिका से कहा कि देखो अब हमारी शादी हो चुकी है।

तुम्हारी कुछ बातें ऐसी हैं, जो मुझे पसंद नहीं आतीं... और मैं तुम्हें वह सब बता देना चाहता हूँ। तुम चाहो तो इन्हें अपनी कमजोरियाँ समझ सकती हो।

प्रेमिका- रहने दो! मुझे अपनी सारी कमजोरियाँ मालूम हैं। आखिर उन्हीं के कारण तो मैं अच्छा पति नहीं पा सकी। इसका मुझे बेहद अफसोस है।

□ □ □


एक मोहल्ले में चल रहे कवि सम्मेलन के दौरान एक कवि मंच पर हाजिर हुआ तो नीचे बैठे श्रोताओं ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया।

कवि बहुत ज्यादा उत्सुक था, उसने कहा- मेरे प्यारे श्रोताओं! अब मैं तुम्हे जो कविता आपको सुनाने जा रहा हूँ उसका शीर्षक है- पानी, आग और धुआँ।

भीड़ में से एक श्रोता चिल्लाया- अरे, तो सीधे-सीधे क्यों नहीं कहते कि हुक्का है।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3737



**बायें से दायें:-**

१. सैफअली खान, रानी मुखर्जी की 'सांसों को सांसों में ढलने दो' गीत वाली फिल्म-२,२
४. 'रंग भरे मौसम से रंग चुराके' गीत वाली जैकी श्रॉफ, जूही चावला की फिल्म-३
७. गोविंदा, मनीषा की 'ठहरो तो सही सोचो तो जरा' गीत वाली फिल्म-४
८. 'संडे की रात थी' गीत वाली गोविंदा, रवीना की फिल्म-३
१०. ऋषिकपूर, शाहरूख, दिव्या भारती की 'तेरी उम्मीद तेरा इंतजार' गीत वाली फिल्म-३
११. फिल्म 'मनोरंजन' में शम्मीकपूर के साथ नायिका कौन थी-३
१४. सलमान, सोमी की 'दिल मेरा यहां' गीत वाली फिल्म-२
१५. 'कब के बिछड़े हुए' गीत वाली अमिताभ, जीनत अमान की फिल्म-४
१७. अमजद खान, बिंदिया गोस्वामी की 'दिल के टुकड़े टुकड़े' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'मेरे खयालों की मलिका' गीत वाली शाहरूख, चंद्रचूड़, ऐश्वर्या, प्रिया की फिल्म-२
१९. सुनील शेट्टी, रंभा की 'कहां गये ममता' गीत वाली फिल्म-२
२०. 'तुम भी चलो' गीत वाली अमिताभ, विनोद खन्ना, सायरा बानो की फिल्म-३
२५. अमिताभ, अरशद वारसी, करिश्मा, विजय शांति की फिल्म-४
२६. 'ये दपनियावाले' गीत वाली देवानंद, आशा पारेख की फिल्म-३
२९. धर्मेन्द्र हेमा की 'दुनिया जब' गीत वाली फिल्म-२
३०. अक्षयकुमार, सुनील शेट्टी, करिश्मा, सोनाली की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. नसीरूद्दीनशाह, जैकीश्रॉफ, नगमा की फिल्म-२
२. करणनाथ, मनीषा नतान्यासिंह की 'क्यूं मेरा दिल' गीत वाली फिल्म-२
३. अमिताभ, वहीदा, जीनत की फिल्म-३
४. ऋषिकपूर, श्रीदेवी की 'बदली है ना बदलेगी' गीत वाली फिल्म-४
५. देवानंद, मधुबाला की फिल्म-३
६. 'बनाकेक्यूं बिगाड़ा रे' गीत वाली फिल्म-३
९. अमिताभ, संजयदत्त, अक्षयखन्ना, अमृता राव की फिल्म-३
११. 'यारा ओ यारा' गीत वाली फिल्म-२
१२. 'खाई है रे हमने' गीत वाली राजेंद्र, शर्मिला की फिल्म-३
१३. फिल्म 'सपने साजन के' की नायिका-३
१४. राजकपूर, दिलीपकुमार, नर्गिस की 'झूम झूम के नाचो आज' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'हैलो हैलो बोल के' गीत वाली फिल्म-३
१८. सनी देओल, सुष्मिता सेन की 'मैं अपना नाम भूला' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'मेरे तो गिरधर गोपाल' गीत वाली फिल्म-२
२२. मनोजकुमार, साधना की फिल्म-४
२३. 'जो उनकी तमन्ना है' गीत वाली फिल्म-४
२४. राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-२
२६. 'सुना था देखा ना था' गीत वाली आफताब, उर्मिला की फिल्म-२
२७. अमिताभ, रितिक, प्रीति की फिल्म-२
२८. 'फूलों से जो खुशबू आए' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3736



## सूडोकु -3737


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | 7 | | | |
| | | 8 | 2 | | | | 7 | 5 |
| | 4 | | | 3 | | | | 6 |
| | 7 | 1 | | | 2 | | 5 | |
| 8 | | | | 4 | | | | 3 |
| | 2 | | 8 | | | 9 | 6 | |
| 2 | | | | 8 | | | 3 | |
| 4 | 3 | | | | 9 | 8 | | |
| | | | 3 | | | | | 9 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3736 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 6 | 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 2 |
| 1 | 5 | 2 | 8 | 3 | 7 | 4 | 6 | 9 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 4 | 7 | 1 | 5 |
| 8 | 6 | 4 | 7 | 9 | 1 | 5 | 2 | 3 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 8 | 1 |
| 3 | 9 | 1 | 5 | 8 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 2 | 7 | 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 6 | 2 | 9 | 1 | 5 | 7 |

## शब्द पहेली - 3737



**बाएँ से दाएँ**

1.पावर हाऊस -5
4.दिमागी,कल्पित-4
7.हृदय-2
8.खोदना-3
9.प्रचार वाक्य,स्लोगन-2
10.नुकीला-4
11.कलिका-2
13.प्यारा,लाडला-3
14.विशिष्ट,विशेष-2
15.खर्च,उपभोग-3
17.नौका-2
19.नाम करण-2,3
22.चमकीला-5
25.महोदय (अंग्रेजी-2)
26.रनिवास,जनवासा-3
28.संध्या,सांझ-2
29.दलना,महीन करना-3
30.जस,सम्मान -2
32.कारागृह-4
34.आलाप,लय,सुर-2
36.पागल स्त्री-3
37.इंकार,मना-2
38.सराबोर,सना हुआ -4
39.वेश्या,तवायफ-5

**ऊपर से नीचे**

1.चूहे का घर-2
2.नेता-3
3.सार-संभार-2,3
4.आदर्श,कसौटी-3
5.छाती-2
6.अचरज भरा कार्य-4
7.हृदय को ठेस लगना-5
10.अनवरत वर्षा-4
12.जूं का अंडा-2
16.ओट,घूंघट-3
17.मां के पिता-2
18.दुख,कष्ट-2
20.राष्टीय पक्षी-3
21.पत्र,लैटर-2
22.गुप्तचर,दूत-2
23.कपड़ों के टुकड़े (अंग्रेजी-4)
24.रवानगी, प्रस्थान करना-3,2
25.समयुगीन,समवर्ती-5
26.बंद,स्ट्राइक-4
27.सुरा,शराब-2
31.वचन,प्रतिज्ञा-3
33.बंदर-3
35.नथनी,नथिया-2
37.शहद-2

शब्द पहेली -3736 का हल



# एनएमआरसी की बोर्ड बैठक, योजना पर संशोधित नीति लागू

## बैठक में एनएमआरसी की वित्तीय ऑडिट रिपोर्ट को रखा गया

**नोएडा।** नोएडा मेट्रो रेल कार्पोरेशन की बोर्ड बैठक हुई। बैठक में एनएमआरसी की वित्तीय ऑडिट रिपोर्ट को रखा गया। इसके अलावा मेट्रो से होने वाले आए व्यय का ब्योरा अधिकारियों के समक्ष रखा गया।

### कियोस्क और वेंडिंग मशीनों की संशोधित नीति

नोएडा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने कियोस्क और वेडिंग मशीनों के आवंटन के लिए संशोधित नीति जारी कर दी है। इसके तहत कियोस्क वेंडिंग मशीनों का आवंटन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा।

संशोधित दरों को एनएमआरसी की वेबसाइट पर ऑनलाइन किया गया। इसके अलावा दिव्यांगजनों, ट्रांसजेंडर और महिला गैर सरकारी संगठनों और एकल महिला उद्यमियों जैसे प्राथमिकता समूहों के लिए संशोधित रियायती दरें लागू होगी।

### छूट के साथ नई दरों को किया गया लागू

एनएमआरसी ने बताया कि दिव्यांग व्यक्ति और ट्रांसजेंडर के कियोस्क और वेंडिंग मशीन के लिए मौजूदा दर पर छूट 75 प्रतिशत तय की गई है। ऐसे में बैंड-2 वेंडिंग मशीन 375 कियोस्क 625 रुपए तय की गई है। बैंड-3 में वेंडिंग मशीन 300 रुपए, कियोस्क 500 रुपए महिला और गैर सरकारी संगठन और एकल महिला उद्यमी के लिए मौजूदा दर पर छूट 70 प्रतिशत तय की गई है।



जिसके तहत बैंड-2 में वेंडिंग मशीन के लिए 450 और कियोस्क के लिए 750 रुपए बैंड-3 के लिए वेंडिंग मशीन के लिए 360 रुपए और कियोस्क के लिए 600 रुपए प्रतिमाह तय की गई है।

### वित्तीय सोर्स को बढ़ाने पर चर्चा

साथ ही एनएमआरसी अपने लिए कैसे वित्तीय सोर्स बढ़ाए पर इस पर बातचीत की गई। एनएमआरसी स्कीम की समीक्षा की जाएगी। बता दे वर्तमान में नोएडा मेट्रो लाइन नोएडा के सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा डीपो तक है।

मेट्रो के तीन रूट प्रस्तावित है। इसमें एक बोटेनिकल गार्डन से सेक्टर-142, डिपो से बोडाकी और तीसरा सेक्टर-51 से नॉलेज पार्क-5 तक।

वर्तमान में रोजाना करीब 52 हजार से ज्यादा मुसाफिर मेट्रो में सफर करता है। ऐसे में बोर्ड वित्तीय संसाधनों को कैसे बढ़ाए इस पर चर्चा करेगा।

# एनआरआई से ओटीटी सब्सक्रिप्शन के नाम पर ठगी

## नोएडा में छह आरोपी अरेस्ट, नेटफ्लिक्स-अमेजन की कॉपी बेचकर ठगी करते

**नोएडा।** विदेशों में रह रहे एनआरआई लोगों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए भारतीय, पाकिस्तानी और अन्य देशों के ओटीटी प्लेटफॉर्म का सब्सक्रिप्शन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले छह लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

यह गिरोह असली ओटीटी प्लेटफॉर्म के कंटेंट की हूबहू कॉपी करके उसे कम दाम में सब्सक्रिप्शन के रूप में बेचता था।

कुछ समय बाद सब्सक्रिप्शन बंद कर दिया जाता था और उसे फिर से चालू कराने के नाम पर कई बार पैसों की मांग की जाती थी। प्रत्येक सब्सक्रिप्शन पर ये लोग 100 से 300 डॉलर तक वसूलते थे।



ये आरोपी थाना फेज-1 क्षेत्र में 'वेब बिज सर्विस एलएलसी' नाम से कंपनी चलाते थे। उपलब्ध डेटा के आधार पर इंटरनेट कॉल के जरिए एनआरआई लोगों से संपर्क किया जाता था और उन्हें फर्जी ओटीटी चैनल व सब्सक्रिप्शन उपलब्ध कराया जाता था।

गिरफ्तार आरोपियों के नाम तनिष्का, अनिल बघेल, मनीष कुमार त्रिपाठी, गौरव, राधा बल्लभ और योगेश बघेल हैं। इनकी उम्र लगभग 20 से 30 वर्ष के बीच है। पुलिस ने इनके कब्जे से 20 मोबाइल फोन, 5 सीपीयू, 5 कंप्यूटर मॉनिटर, एक लैपटॉप, 6 कीबोर्ड सहित अन्य सामान बरामद किया है।

### इन ओटीटी प्लेटफार्म का कराते थे सब्सक्रिप्शन

नेटफ्लिक्स, डिजनी प्लस हॉट स्टार, अमेजन, प्राइम , जी-5, वूट सलेक्ट, सोनी लिव, एलटी बालाजी, एमएक्स प्लेयर, जियो सिनेमा, एचबीओ , हूलू, मूवी ऑन डिमांड जिसमें रिसेंट रिलीज होने वाली मूवी शामिल हैं। इन सभी के कंटेंट को बिना किसी लाइसेंस के कैप्चर करते हैं और उसकी कॉपी को प्रसारित करते हैं।

## ग्रेटर नोएडा में हर्ष फायरिंग, किशोर घायल

### बारात चढ़ते समय पैर में लगी गोली, 7 पर केस दर्ज

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के जारचा थाना क्षेत्र में बरात चढ़त के दौरान हर्ष फायरिंग की एक और घटना सामने आई है। बुधवार रात नरौली गांव में हुई इस घटना में 16 वर्षीय तनिष्क के पैर में गोली लग गई, जिससे वह घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इस मामले में सात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। यह घटना नरौली गांव में बुधवार रात अजीत की बेटी की बरात के दौरान हुई। बरात गाजियाबाद के लोनी से आई थी। बरात चढ़त के समय लड़के पक्ष की ओर से की गई हर्ष फायरिंग में तनिष्क के पैर में गोली लगी। घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई और घायल तनिष्क को तुरंत ग्रेटर नोएडा के कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गया। जारचा थाना प्रभारी कैलाश नाथ ने बताया कि यह घटना देर रात करीब 12 बजे हुई। शुरुआत में दोनों पक्ष मामला दर्ज नहीं कराना चाहते थे और बारात भी विदा हो गई थी। हालांकि, पुलिस ने घटना का संज्ञान लेते हुए सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस अब इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित वीडियो के आधार पर हर्ष फायरिंग में शामिल आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है। गौरतलब है कि इसी कोतवाली क्षेत्र में 15 दिन के भीतर हर्ष फायरिंग की यह दूसरी घटना है। इससे पहले, नगला चमरू गांव में बरात चढ़त के दौरान 10 वर्षीय कृष के सिर में गोली लगी थी। कृष का इलाज अभी भी अस्पताल में चल रहा है, हालांकि उसकी हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है।

# नोएडा-ग्रेटर नोएडा में 500 इलेक्ट्रिक बस की योजना अटकी

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में 500 इलेक्ट्रिक बसें उतारने की महत्वाकांक्षी योजना फिलहाल अटक गई है।

करीब 675 करोड़ रुपए की इस परियोजना को लेकर तीनों विकास प्राधिकरण नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यीडा ने स्पष्ट कहा है कि एक साथ इतनी बसों को सड़क पर उतारना फिलहाल संभव नहीं है। पहले फेज में 250 बसों को उतारा जाए और रिस्पांस चेक किया जाए तो बेहतर आप्शन होगा। इससे तीनों प्राधिकरण पर पड़ने वाला वायबिलिटी गैप फंडिंग (वीजीएफ) भी कम होगा। और हम बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर दे सकते है। अधिकारियों के अनुसार, नोएडा में 300, ग्रेटर नोएडा और यीडा में 100-100 बसें संचालित किया जाना है। लेकिन डिपो, चार्जिंग स्टेशन, रूट और संचालन के लिए एसपीवी का गठन अब तक नहीं हो सका है। प्राधिकरण के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इतनी बड़ी संख्या में बसों का एक साथ संचालन मौजूदा परिस्थितियों में अव्यवहारिक है। सरकार से आग्रह कर रहे है कि इसे फेज और वास्तविक मांग के अनुसार किया जाए। इसी को लेकर तीनों प्राधिकरण अपना पक्ष शासन को रखेंगे।

# नोएडा में चालान की एपीके फाइल भेज 17 लाख ठगे

## फोन का एक्सेस किया हैक, नेट बैंकिंग और एटीएम का बदला पासवर्ड

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा दादरी निवासी एक व्यक्ति के वॉट्सऐप पर साइबर अपराधी वाहन चालान का एपीके फाइल भेजकर 17 लाख रुपए निकाल लिए।

मोबाइल का एक्सेस हैक कर ठग नेट बैंकिंग और एटीएम का पासवर्ड बदलकर ठगी की वारदात को अंजाम दिए हैं। कुल 14 बार में रुपए निकाले गए हैं। पीड़ित ने ठगी की जानकारी होने के बाद साइबर थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस रकम ट्रांसफर खातों के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दादरी के दुरियाई गांव



निवासी पंकज कुमार ने बताया कि वह बिजनेस करते हैं।

उनके मोबाइल पर 6 दिसंबर को एक अनजान नंबर से वॉट्सऐप पर एपीके फाइल आई। जिस पर आरटीओ चालान लिखा हुआ था। पीड़ित ने उसे देखने के लिए गलती से डाउनलोड कर लिया। इसी दौरान उनका फोन स्विच हो गया। साइबर ठगों ने पीड़ित के मोबाइल का एक्सेस हैक कर बैंकिंग जानकारी हासिल कर ली। आरोपी उनके एटीएम का पासवर्ड भी बदल दिए, साथ ही नेट बैंकिंग पर फर्जी पासवर्ड लगाकर बैंक से 16 लाख 99 हजार 760 रुपए निकाल लिए।

### करीब साढ़े तीन घंटे बंद रहा फोन

उनका फोन शाम 5: 36 बजे से लेकर रात के 9 बजे बंद रहा। जिससे उन्हें ठगी के बारे में जानकारी नहीं मिल पाई। वहीं बैंक की तरफ से कोई मैसेज नहीं आया। अगले दिन पीड़ित के फोन पर 14 बार में लगभग 17 लाख रुपए कटने के मैसेज मिले। जानकारी करने पर उन्हें पता चला कि उनका फोन हैक कर रुपए निकाल लिए गए हैं। इसके बाद उन्होंने एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। मामले में साइबर थाने की पुलिस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ग्रेटर नोएडा में वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी का कैंपस खुलेगा

## 40,000 वर्ग फुट जमीन लीज पर मिली, एमओयू पर किए साइन

**गौतम बुद्ध नगर।** उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा के वैश्विक मानचित्र पर अपनी पहचान बनाने की दिशा में अग्रसर है। ऑस्ट्रेलिया की प्रतिष्ठित वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी भारत में अपना पहला विदेशी कैंपस ग्रेटर नोएडा में खोलने जा रही है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने इसके लिए 40,000 वर्ग फुट भूमि लीज पर उपलब्ध कराई है। यह कदम राज्य को अंतरराष्ट्रीय शिक्षा और नवाचार केंद्र के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

इस समझौते पर मंगलवार को नई दिल्ली के आईटीसी मौर्या होटल में आयोजित एक समारोह में औपचारिक रूप से हस्ताक्षर किए गए। इस कार्यक्रम में ऑस्ट्रेलिया सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार और भारत के उच्च शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।




ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी कॉम्प्लेक्स के भीतर विकसित किए जाने वाले इस कैंपस में पहले चरण में बिजनेस एनालिटिक्स, मार्केटिंग, डेटा साइंस, सस्टेनेबल वॉटर फ्यूचर्स और एग्रीकल्चर जैसे प्रमुख पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे। दूसरे चरण में इनोवेशन, एंटरप्रेन्योरशिप और सप्लाई चेन मैनेजमेंट जैसे भविष्य-उन्मुख कार्यक्रम जोड़े जाएंगे।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में यह पहली बार है कि कोई विदेशी विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश में आ रहा है। उन्होंने कहा कि वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी एक बड़ा संस्थान है, जिसमें 50,000 छात्र और लगभग 2 लाख वर्ग फुट की अत्याधुनिक सुविधाएँ हैं। वर्तमान में इसमें लगभग 1,200 भारतीय छात्र भी अध्ययनरत हैं।

श्रीवास्तव ने आगे कहा कि भारत 2040 तक दुनिया का सबसे युवा राष्ट्र बनेगा और उत्तर प्रदेश उसकी सबसे युवा आबादी का केंद्र होगा। ऐसे में युवाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर की शिक्षा उपलब्ध कराना आवश्यक है, और यह कैंपस इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने जानकारी दी कि प्रारंभिक प्रक्रियाएँ अगले दो महीनों में पूरी कर ली जाएँगी और सितंबर 2026 से ग्रेटर नोएडा में शिक्षण कार्य शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है।

विश्वविद्यालय एआई, एविएशन, हॉर्टिकल्चर, कृषि और वॉटर रिसोर्सेज जैसे विषयों पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित कर रहा है और इन क्षेत्रों में गहन पाठ्यक्रम शुरू करने की तैयारी कर रहा है।

# एनआईए कनेक्टिविटी के दो प्रोजेक्ट पर शासन से होगी वार्ता

**नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की कनेक्टिवटी के लिए नोएडा प्राधिकरण के दो बड़े प्रोजेक्ट को लेकर शासन स्तर पर बातचीत होगी। इसमें एक नोएडा , ग्रेटरनोएडा और यमुना सिटी में चलने वाली 500 ई बस और दूसरी यमुना पुश्ता पर प्रस्तावित एलिवेटेड है। नोडल होने के चलते नोएडा प्राधिकरण के शीर्ष अधिकारी ही शासन स्तर पर अपना मत रखेंगे। हालांकि अंतिम निर्णय शासन ही लेगा।

यमुना पुश्ता पर एलिवेटेड रोड बनानी है। इसके लिए सिंचाई विभाग ने एनओसी नहीं दी है। एनओसी मिलने के बाद एनएचएआई से निर्माण के लिए आग्रह किया जाएगा। ये एलिवेटेड सेक्टर-94 गोलचक्कर के पास से एलिवेटेड रोड बनाया जाएगा। यह सेक्टर-150 तक बनेगा। वहां से यमुना व नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे से इसे जोड़ा जाएगा। यहां एलिवेटेड रोड बनाने को लेकर नोएडा प्राधिकरण निर्णय ले चुका है। पुश्ते की जमीन सिंचाई विभाग का हिस्सा है। ऐसे में बिना सिंचाई विभाग की अनुमति के यहां कोई काम नहीं हो सकेगा।

नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड ने यमुना पुश्ता पर एलिवेटेड का निर्माण यूपीडा से कराने का निर्णय लिया गया था। निर्माण में जितना भी खर्च आएगा उसका वहन नोएडा , ग्रेटरनोएडा और यमुना विकास प्राधिकरण करेगा। नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में चर्चा के बाद इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई थी। पहले ये एक्सप्रेस 6 लेन का एलिवेटेड और आठ लेन ऑन ग्राउंड बनाया जाना था।

# नोएडा सिटिजन फोरम ने प्राधिकरण पर लगाए गंभीर आरोप

**नोएडा।** नोएडा सिटिजन फोरम ने शहर की लगातार बिगड़ती व्यवस्थाओं पर गंभीर चिंता जताते हुए सोमवार को 15 बड़े मुद्दे उठाए। फोरम के चेयरमैन और रिटायर्ड आईएएस डॉ. योगेन्द्र नारायण की अगुआई में नोएडा मीडिया क्लब में हुई प्रेसवार्ता में नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की निष्क्रियता पर कड़ा सवाल खड़ा किया गया। डॉ. योगेन्द्र नारायण ने कहा कि नोएडा प्राधिकरण में लोकपाल की नियुक्ति होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार पर रोक के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा एसआईटी और नागरिक सलाहकार बोर्ड बनाए जाने के आदेश के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई है। फोरम ने इसे पारदर्शिता और जवाबदेही की दिशा में अत्यंत आवश्यक कदम बताया।

रजिस्ट्री संकट पर उन्होंने कहा कि हजारों परिवार पूरी रकम देने के बावजूद रजिस्ट्री से वंचित हैं। बिल्डरों द्वारा मनमाना ट्रांसफर चार्ज, अन-रजिस्टर्ड फ्लैटों की अवैध बिक्री और प्राधिकरण के नोटिस की अनदेखी को गंभीर लापरवाही बताया गया। उन्होंने पूर्ण-भुगतान वाले सभी फ्लैटों की तत्काल रजिस्ट्री खोलने की मांग की। फोरम के महासचिव प्रशांत त्यागी कहा कि ने गैर-निर्धारित क्षेत्रों में डंपिंग साइटों पर आग, शहरभर में अवैध निर्माण और हाई-राइज इमारतों में फायर सेफ्टी संसाधनों की भारी कमी को जीवन के लिए खतरा बताया।

# नोएडा प्राधिकरण के सीनियर ऑफिसर्स की हो सकती है जांच

## मुआवजा बांटने में गड़बड़ी मिली थी, मालिकों को अधिक रकम देने की शिकायत

**नोएडा।** गेझा तिलपताबाद समेत तीन गांवों के अपात्र किसानों को करीब 117 करोड़ रुपए मुआवजा बांटने में हुई गड़बड़ी के मामले में जांच का दायरा अब बढ़ेगा।

सुप्रीम कोर्ट ने प्राधिकरण में पिछले 10-15 सालों में तैनात रहे अधिकारियों की भूमिका की जांच के आदेश दिए हैं। मुआवजा वितरण की प्रक्रिया में 12 से अधिक सीईओ, एसीईओ और ओएसडी शामिल थे।

मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश ने साफ किया कि जिन किसानों को अधिक भुगतान किया गया, उन्हें सजा नहीं दी जाएगी और उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी साफ कर दिया कि जांच के दौरान किसानों को परेशान नहीं किया जाना चाहिए।

इससे पहले, किसान की ओर से वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ दवे ने पीठ को बताया कि किसानों को एसआईटी से अपना बयान दर्ज कराने के लिए नोटिस मिल रहे हैं। कृपया किसानों की रक्षा करें। कोर्ट ने भरोसा दिलाया कि किसान को सुरक्षा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि हम जानना चाहेंगे कि यदि भुगतान गलती से हुआ है, तो आप कानून के हिसाब से सुरक्षा के हकदार हैं। उन्होंने साफ किया कि एसआईटी को सब कुछ जांचने और रिपोर्ट देने की पूरी छूट होगी।

### 13 अगस्त को जांच के लिए कमेटी गठित

सुप्रीम कोर्ट ने 13 अगस्त को मामले में नोएडा के अधिकारियों की भूमिका की जांच के लिए एसआईटी गठित करने का आदेश दिया था, जिन पर बिल्डरों के साथ मिलकर जमीन मालिकों को उनके हक से अधिक मुआवजा देने का आरोप है। पीठ ने कहा कि एसआईटी की 26 अक्टूबर की स्टेटस रिपोर्ट रिकॉर्ड में है। हम अब तक उठाए गए कदमों की तारीफ करते हैं।

हमें उम्मीद है कि एसआईटी चल रही जांच को सही अंजाम तक ले जा पाएगी।

### सीईओ और सीएलए की होगी जांच

दायरा बढ़ने से सीईओ के अलावा एसीईओ और सीएलए भी जांच के दायरे में आएंगे। इसकी वजह यह है कि एक रुपये मुआवजा देने के लिए भी सीईओ तक फाइल की मंजूरी होती है। पहले बनी एसआईटी ने करीब पौने दो साल पहले जो रिपोर्ट सौंपी थी, उस रिपोर्ट से कोर्ट इस बात पर सहमत नहीं हुआ था कि इतनी बड़ी गड़बड़ी दो या तीन विधि स्तर के अधिकारी-कर्मचारी कर सकते हैं। गौरतलब है कि गेझा तिलपताबाद गांव के अलावा नंगला और भूड़ा गांव के अपात्र किसानों को प्राधिकरण ने मुआवजा दिया था।

# शार्ट न्यूज

## नोएडा प्राधिकरण को 85.71 करोड़ राजस्व मिला

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण को आवासीय भूखंड योजना के तहत करीब 85.71 करोड़ के राजस्व का फायदा हुआ। प्राधिकरण ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत आवासीय भूखंड योजना निकाली थी। ये योजना 3 अक्टूबर से लागू थी। योजना के तहत 34 भूखंडों का आवंटन नीलामी के जरिए किया जाना था। इसके सापेक्ष करीब 1375 लोगों ने आवेदन किया। इन भूखंडों की कीमत करीब 118.32 करोड़ रुपए थी। 9 और 11 दिसंबर को भूखंडों के लिए बोली लगाई गई। ऐसे में 204.03 करोड़ की बोली लगाई गई। इस प्रकार प्राधिकरण को आरक्षित मूल्य के सापेक्ष लगभग रुपए 85.71 करोड़ का अतिरिक्त राजस्व मिला। खास ये है कि योजना के तहत जो बोली लगाई गई। वो आरक्षित मूल्य का 172.42 प्रतिशत रहा। इन लोगों को आवंटन पत्र जारी किए जा रहे है। जिसके बाद भूखंड पर निर्माण कार्य किया जाएगा।

## नोएडा में रेड लाइट पर दो कारें टकराई

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-70 की रेड लाइट पर सड़क हादसा हो गया। हादसे मे दोनों कार के ड्राइवरों को चोट लगी है। दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने दोनों को खतरे से बाहर बताया है। वहीं मौके से क्षतिग्रस्त कारों को हटाया गया। जिसके बाद यातायात को सुचारु रूप से चलाया गया। इसके वीडियो भी सामने आए है। पुलिस ने बताया कि बुधवार दोपहर को थाना फेस-3 क्षेत्र के अंतर्गत सेक्टर-70 की रेड लाइट पर दो गाड़ी पहली यूपी 16 एफई 2741 और यूपी 16 जीटी 0422 का आपस में एक्सीडेंट हो गया। जिसमें दोनों गाड़ियों के चालक मोनू यादव पुत्र ॠषि पाल जिला इटावा उम्र 20 साल और दूसरा अमरेश पाल सिंह पुत्र पृथ्वीराज सिंह निवासी एटा उम्र 44 साल को गंभीर चोट लगी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों चालकों को कार से निकाला और स्ट्रैचर की मदद से एम्बुलेंस तक पहुंचाया। वहां से दोनों को अस्पताल लेकर गए। बताया गया कि रेड लाइट होने के बाद भी कार चालकों ने तेजी से गाड़ी चलाई जिससे दोनों कार आपस में टकरा गई। घटना के मौके पर भरी भीड़ जमा हो गई। साथ ही जाम की स्थिति बन गई।

## ग्रेटर नोएडा में फर्जी क्लीनिक का भंडाफोड़

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के बिलासपुर कस्बे में एक फर्जी क्लीनिक का भंडाफोड़ हुआ है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गुरुवार को छापेमारी कर क्लीनिक को सील कर दिया और संचालक महिला अनीता के खिलाफ दनकौर कोतवाली में केस दर्ज कराया है। यह कार्रवाई कस्बा निवासी रोहित चौहान की शिकायत पर की गई। सीएमओ कार्यालय से भेजी गई टीम के सदस्य और नोडल अधिकारी डॉ. रविन्द्र कुमार ने बताया कि उन्हें बिना योग्यता के फर्जी क्लीनिक चलाए जाने की सूचना मिली थी, जो जांच में सही पाई गई। टीम को मौके से मेडिकल से संबंधित कई उपकरण और सामान मिले, जिन्हें कब्जे में ले लिया गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि महिला न केवल सामान्य बीमारियों का इलाज करती थी, बल्कि प्रसव (डिलीवरी) जैसे संवेदनशील कार्य भी करती थी, जो स्वास्थ्य मानकों के अनुसार पूरी तरह अवैध और खतरनाक है। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह क्लीनिक पिछले कई महीनों से संचालित था और कई महिलाएं प्रसव के लिए यहां आती थीं। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि इस तरह के फर्जी क्लीनिक आम लोगों के स्वास्थ्य के साथ गंभीर खिलवाड़ करते हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपी महिला टीम के आने की सूचना पर क्लीनिक से फरार हो गई थी।

## नोएडा में कार की चपेट में आने बच्ची की मौत

**नोएडा।** सेक्टर 44 घर के बाहर खेल रही 5 साल की बच्ची को कार ने रौंद दिया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। गंभीर हालत में डॉक्टरों ने उसे सफरदगंज दिल्ली अस्पताल में रेफर कर दिया। इलाज के दौरान बच्ची की मौत हो गई। कार चालक मौके से फरार हो गया। घटना में सेक्टर 39 थाने की पुलिस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को सेक्टर- 44 में रहने वाली रुकसार ने बताया कि आठ दिसंबर को उनकी 5 साल की बेटी घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान एक तेजी से कार आई और बच्ची को टक्कर मारी। घटना के बाद आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया। इसके बाद लोगों ने बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने के बाद उसे दिल्ली रेफर कर दिया। बच्ची की उसी रात इलाज के दौरान मौत हो गई। टक्कर मारने की बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। मामले में महिला की शिकायत पर पुलिस केस दर्ज कर ली है। साथ ही घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी चालक की तलाश में जुट गई है।

## यमुना प्राधिकरण ने अतिक्रमण हटाया

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर में यमुना प्राधिकरण ने बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान 46,000 वर्ग मीटर जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 230 करोड़ रुपये है। प्राधिकरण की भूमि पर बने टीनशेड, पक्की-कच्ची दीवारें, झोपड़ियां और अन्य अस्थायी-स्थायी निर्माण ध्वस्त कर दिए गए। यह अभियान सदर तहसील के अंतर्गत दनकौर में खसरा नंबर 211 पर केंद्रित था। यहां अवैध कब्जे से लगभग 46,000 वर्ग मीटर प्राधिकरण की भूमि को पूरी तरह से अतिक्रमण मुक्त कराया गया। यमुना प्राधिकरण के सीईओ राकेश कुमार सिंह के निर्देश पर विशेष कार्याधिकारी शैलेंद्र सिंह के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। शैलेंद्र सिंह ने मौके पर उपस्थित रहकर पूरे अभियान की निगरानी की और अतिक्रमणकारियों को सख्त चेतावनी दी कि प्राधिकरण की किसी भी भूमि पर अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यमुना एक्सप्रेसवे और ईस्टर्न पेरिफेरल के इंटरचेंज के किसानों की आबादी भूमि तथा यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में विकास परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए सरकारी और प्राधिकरण की सभी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करना प्राथमिकता है।

## 400 से ज्यादा स्नेचिंग करने वाले तीन आरोपी अरेस्ट

**नोएडा।** नोएडा-दिल्ली में 400 से ज्यादा स्नेचिंग करने वाले तीन बदमाशों को थाना सेक्टर-58 पुलिस ने गिरफ्तार किया। इनके नाम विजय उर्फ पाती, अमन, रितेश और कमरू है। डीसीपी ने बताया कि विजय थाना फेस-3 से साल 2017 व 2018 में मोबाइल लूट के संबंध में जेल जा चुका है। जबकि इसकी उम्र अभी महज 23 साल ही है। अमन भी थाना सेक्टर-63, नोएडा से 2023 में मोबाइल लूट में जेल जा चुका है। कमरू थाना फेस-3 से साल 2018, 2023, 2024, 2025 में मोबाइल लूट व पुलिस मुठभेड़ में जेल गया था। इनके पास से स्नेचिंग किए गए 52 मोबाइल फोन बरामद किए गए। जिनकी कीमत लाखों रुपए है। इसके अलावा चोरी की एक मोटरसाइकिल व घटना में शामिल 01 मोटरसाइकिल व 02 चाकू बरामद किए गए। इन तीनों को विलमैर सिचवर कंपनी सेक्टर-60 नोएडा की सर्विस रोड से गिरफ्तार किया गया है। इनके कब्जे व निशानदेही से स्नेचिंग चोरी किये गये 52 मोबाइल फोन, चोरी की एक मोटरसाइकिल व घटना में प्रयुक्त 01 मोटरसाइकिल व 02 अवैध चाकू बरामद हुए है।

## जेवर में 12 करोड़ की सड़क परियोजना मंजूर

**जेवर।** जेवर विधानसभा क्षेत्र में 12 करोड़ रुपये की लागत वाली सड़क निर्माण परियोजना को प्रदेश सरकार ने स्वीकृति दे दी है। यह सड़क धर्मार्थ योजना के अंतर्गत प्रस्तावित थी। जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने इस स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया है। लगभग 8 किलोमीटर लंबी और 5.50 मीटर चौड़ी यह सड़क जेवर तहसील से शुरू होकर प्रज्ञान पब्लिक स्कूल, ग्राम साहब नगर, सिरसा माचीपुर, जेवर खादर मढ़ैया होते हुए बांध और रामपुर बांगर तक जाएगी। इस नए मार्ग से क्षेत्र की कनेक्टिविटी मजबूत होगी और दर्जनों गांवों को सीधा लाभ मिलेगा। विधायक धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि सरकार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर सड़क सुविधाओं से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि यह सड़क आवागमन को आसान बनाएगी और स्थानीय विकास को गति देगी। विधायक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निरंतर सहयोग और संवेदनशीलता के लिए धन्यवाद दिया, जिससे यह परियोजना संभव हो पाई। यह मार्ग किसानों, छात्रों और आम लोगों की दैनिक आवश्यकताओं तक पहुंच को आसान बनाएगा।

# गुलरिया चीनी मिल के क्रय केंद्र मुरादपुर द्वितीय का निरीक्षण

## अधिकारियों ने गन्ना खरीद व्यवस्था को बताया संतोषजनक, किसानों से लिया फीडबैक



**पीलीभीत।** गुलरिया चीनी मिल के अंतर्गत संचालित गन्ना क्रय केंद्र मुरादपुर द्वितीय का जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत खुशी राम भार्गव ने निरीक्षण किया। यह क्रय केंद्र गन्ना विकास समिति पूरनपुर के अधीन आता है, जहाँ से लखीमपुर खीरी स्थित गुलरिया चीनी मिल गन्ने की खरीद करती है। यह केंद्र पीलीभीत मुख्यालय से लगभग 75 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पाया कि क्रय केंद्र पर अब तक 52,642.02 कुंतल गन्ने की खरीद की जा चुकी है। केंद्र पर ईआरपी से नियुक्त तौल लिपिक जयदीप कुमार तौल कार्य का संचालन कर रहे हैं। सभी अभिलेखों को सही एवं पूर्ण पाया गया। जिला गन्ना अधिकारी ने क्रय केंद्र पर उपस्थित किसानों से गन्ना उठान, एसएमएस पर्ची व्यवस्था, लोडिंग- अनलोडिंग प्रणाली सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तृत बातचीत की। किसानों ने बताया कि लोडिंग-अनलोडिंग का किसी भी प्रकार का शुल्क किसानों से नहीं लिया जा रहा, जिससे किसान संतुष्ट दिखे। अधिकारियों ने बताया कि चौथे पक्ष के पाँचवें कॉलम की पर्चियों की तौल नियमित रूप से की जा रही है तथा जारी इंडेंट के अनुरूप प्रतिदिन गन्ने की उठान सुचारू रूप से संचालित हो रही है।

### किसी भी प्रकार का शुल्क न लेने के सख्त निर्देश

निरीक्षण के दौरान जिला गन्ना अधिकारी ने किसानों को अवगत कराया कि गन्ना आयुक्त उत्तर प्रदेश के स्पष्ट निर्देश हैं कि किसी भी किसान से क्रय केंद्र पर किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। यदि किसी क्रय केंद्र पर लोडिंग-अनलोडिंग शुल्क लिए जाने की शिकायत मिलती है तो तौल लिपिक, चीनी मिल अध्यासी एवं ट्रांसपोर्टर के विरुद्ध कड़ी विधिक कार्रवाई की जाएगी।

किसानों को किसी भी असुविधा की स्थिति में तत्काल चीनी मिल अधिकारियों एवं विभागीय अधिकारियों से संपर्क करने की सलाह दी गई। सभी अधिकारियों के दूरभाष नंबर क्रय केंद्र पर प्रदर्शित हैं। निरीक्षण के दौरान ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक संजय श्रीवास्तव, गन्ना किसान योगेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, होरी लाल वर्मा सहित कई किसान एवं अधिकारी मौजूद रहे।

## एयरफोर्स विंग कमांडर के ससुर ने खुद को गोली मारी

**कानपुर।** कानपुर में एयरफोर्स विंग कमांडर के ससुर ने खुद को गोली मार ली। बुधवार दोपहर घर में उन्होंने सुसाइड की कोशिश की। गोली सिर को छूते हुए निकल गई। गोली की आवाज सुनकर घर में काम कर रहा नौकर कमरे में पहुंचा तो बुजुर्ग के हाथ में लाइसेंसी रिवाल्वर फंसी देखी। आनन-फानन उसने पुलिस को सूचना दी। नवाबगंज थाना पुलिस ने बुजुर्ग को रीजेंसी अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस को उनके कमरे से एक सुसाइड नोट मिला है। इसमें उन्होंने लिखा- मैं अपने दर्द को अब सह नहीं पा रहा हूं। अपनी बीमारी से बहुत परेशान हो चुका हूं, इसलिए अपनी जान दे रहा हूं। मेरी मौत के बाद किसी पर सवाल न उठाए जाएं। हालांकि वह बच गए। नवाबगंज थाना क्षेत्र के आजाद नगर में रहने वाले 73 साल के सत्येंद्र कुमार गुप्ता की सोनालिका ट्रैक्टर की साल 2002 में एजेंसी थी। भतीजे आनंद गुप्ता ने बताया- पत्नी सरला की कोरोना में मौत हो चुकी थी। पत्नी की मौत के बाद से सत्येंद्र घर में अकेले रहते थे। इनकी दो बेटियां रूबी और प्रीति हैं। रूबी की फिरोजाबाद में शादी हुई है, जबकि प्रीति इस समय दिल्ली में रह रही हैं। प्रीति के पति एयरफोर्स में विंग कमांडर हैं।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की हार्ट अटैक से मौत, फॉर्म भरने के दबाव का आरोप

**परिवार का दावा : एसआईआर कार्य में था अतिरिक्त दबाव, विभाग ने जिम्मेदारी से किया इंकार**



**पीलीभीत।** बिलसंडा ब्लॉक के ग्राम घनश्यामपुर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र द्वितीय में तैनात आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तारावती (50 वर्ष) की बुधवार सुबह हार्ट अटैक से मौत हो गई।

अचानक तबीयत बिगड़ने पर परिजन उन्हें नगर के एक निजी अस्पताल ले गए, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कुछ दिनों से वे बीमार चल रही थीं और उनके पति मंगलवार को ही बरेली से दवाइयाँ लाकर लाए थे, लेकिन तबीयत में सुधार नहीं हुआ।

परिजनों ने बताया कि तारावती रोज की तरह बुधवार को ऑनलाइन हाजिरी लगाने के बाद ड्यूटी पर पहुँची थीं, उसी दौरान उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिवार ने यह भी आरोप लगाया कि वह एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) कार्य में सहायक के रूप में लगी थीं और उन पर फॉर्म भरने तथा पुष्टाहार वितरण को लेकर अतिरिक्त दबाव बनाया जा रहा था, जिससे वे मानसिक रूप से परेशान थीं।पीड़ित पति रमेश का कहना है कि पिछले कुछ सप्ताह से तारावती इस अतिरिक्त कार्यभार को लेकर तनाव में थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारियों की ओर से लगातार फॉर्म पूरा करने और डेटा अपडेट करने का दबाव बन रहा था।

दूसरी ओर, सीडीपीओ प्रभारी सुरभि सक्सेना ने कहा कि उन्हें कार्यकर्ता की मौत की सूचना मिली है, किंतु एसआईआर फॉर्म भरने की कोई लिखित ड्यूटी तारावती को नहीं दी गई थी। विभागीय स्तर पर इस घटना की जानकारी संकलित की जा रही है।

तारावती की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजन रो-रोकर बेहाल हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की जांच कराए जाने और परिवार को उचित सहायता प्रदान किए जाने की मांग की है।

# शार्ट न्यूज

## 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी ,सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा थाना कोतवाली ललितपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 759/ 25 व 760/25 अन्तर्गत धारा 305/331(4)/317(2)/61(2) बीएनएस में 25000 रुपये का इनामिया/वांछित अभियुक्त सलमान पुत्र छोटे निवासी ग्राम शाहजमाल थाना किठौर जनपद मेरठ उम्र करीब 45 वर्ष को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया ।गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा हेतु मा0 न्यायालय के समक्ष भेजा गया ।गिरफ्तार करने वाली टीम प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी उ.नि. अनिल कुमार का. राहुल आदि शामिल रहे।

## जिले के दो खिलाड़ियों का उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग में चयन, क्षेत्र में खुशी की लहर

**हरिनारायण यादव ब्यूरो विशाल इंडिया**

**गाज़ीपुर।** उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग प्रतियोगिता के लिए गाज़ीपुर ज़िले के दो प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के चयन की जानकारी मिलते ही पूरे क्षेत्र में उत्साह और गर्व की लहर दौड़ गई है। 24 दिसंबर से 16 जनवरी तक नोएडा में आयोजित होने वाली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में प्रदेशभर की 12 टीमें हिस्सा लेंगी। टीम की कोच अंजली वर्मा ने बताया कि गाज़ीपुर के होनहार खिलाड़ी अमन कन्नौजिया और आकाश सिंह ने अपने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन और मेहनत के दम पर टीम में जगह बनाई है। उनके चयन से न केवल परिवारों में खुशी का माहौल है, बल्कि पूरे क्षेत्र में आनंद और उमंग की अनुभूति की जा रही है। स्थानीय लोगों ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करेगी। सभी ने चयनित खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य और शानदार प्रदर्शन की शुभकामनाएँ दी हैं।

## बंद घर में खूंटी पर लटकी मिली लाश

**मेरठ।** मेरठ में 1 महीने से बंद घर में सड़ी हुई लाश मिली है। लाश 25-35 साल के युवक की है। घर की दूसरी मंजिल के कमरे के दरवाजे की खूंटी से लाश लटकी हुई थी। ये नहीं पता चला है कि लाश किसकी है? बॉडी को देखकर लग रहा है कि ये 6 से 7 दिन पुरानी हो सकती है। दरअसल ये मकान 3 बिल्डर ने मिलकर बनाया था। 105 वर्ग गज के इस मकान का कंस्ट्रक्शन डेढ़ साल पहले पूरा हो चुका था। मगर यह बिका नहीं था। कीमत 60 लाख रखी गई थी। घर के मेन गेट पर ताला बंद था। आज यानी गुरुवार को जब बिल्डर मकान में कारपेंटर को लेकर आए, तो मकान खोलने पर बदबू फैल गई। बिल्डर ने पड़ोसियों और पुलिस टीम को कॉल करके बुलाया। स्कसिटी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ऊपर के कमरे का दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुई। अटैच बाथरूम के दरवाजे की खूंटी से युवक की लाश लटकी मिली। फोरेंसिक टीम मौके पर सबूत जुटा रही है। माना जा रहा है कि युवक ने सुसाइड किया है। ये पूरा मामला मेडिकल थाना क्षेत्र के प्रवेश बिहार का है। लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

## वसूली करने वाला फूड इंस्पेक्टर सस्पेंड

कानपुर। कानपुर में व्यापारी से एक लाख रुपए मांगने वाले फूड इंस्पेक्टर को सस्पेंड कर दिया गया। व्यापारी ने बताया- 4 दिसंबर को फूड इंस्पेक्टर अनिल पाल दुकान में घुस आए और जबरन सैंपल भरने लगे। बोले- एक लाख का जुर्माना लगेगा। इसके बाद नोटिस चस्पा करते हुए कहा- नोटिस हटाने को 20 हजार लगेंगे। फिर व्यापारी से साढ़े 10 हजार रुपए वसूले। फूड इंस्पेक्टर की इस हरकत की शिकायत पीड़ित ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन आयुक्त डॉ. रोशन जैकब से की। जैकब ने इस मामले में एक्शन लेते हुए 10 दिसंबर को आरोपी फूड इंस्पेक्टर को सस्पेंड कर दिया। पूरा मामला महाराजपुर के सरसौल कस्बे की है। शिकायत, व्यापारी राजेश गुप्ता ने की थी। व्यापारी राजेश गुप्ता ने बताया- मैं आयुष जनरल स्टोर के नाम से दुकान चलाता हूं। 4 दिसंबर को फूड इंस्पेक्टर अनिल पाल 3 लोगों के साथ मेरी दुकान पर पहुंचे और जबरन सैंपल भरने लगे। उन्होंने कहा- इसका एक लाख रुपए जुर्माना बनता है। इसके बाद उन्होंने नोटिस चस्पा कर दिए।

## कर्ज न चुका पाने पर युवक ने सुसाइड किया

**झांसी।** झांसी में एक युवक ने सुसाइड कर लिया। उसने कर्ज लिया था। जब कर्ज नहीं चुका पाया तो सूदखोर ने बाइक छुड़ाकर गिरवी रख ली। इससे डिप्रेशन में आकर युवक ने जहर खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन निजी अस्पताल ले गए। जहां पर इलाज के दौरान गुरुवार को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पूरा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के नई बस्ती का है। मृतका का नाम सचिन कुशवाहा (45) पुत्र सोमनाथ कुशवाहा था। वह कोतवाली थाना क्षेत्र के नई बस्ती का रहने वाला था। मृतक के दामाद मनीष ने बताया- मेरे ससुर सचिन कुशवाहा ठेकेदार थे। वो बिल्डिंग बनाने का ठेका लेते थे। मंगलवार दोपहर को घर आए तो ससुर को उल्टी हो रही थी। तब उनको निजी अस्पताल ले गए। वे खुद ही गाड़ी चलाकर अस्पताल आए। थोड़ी देर बाद उनकी हालत बिगड़ने लगी। तब पता चला कि ससुर ने कीटनाशक पिया है। डॉक्टरों को ससुर ने बताया- दाऊ नाम के व्यक्ति से कर्ज लिया था। वो पैसे के लिए परेशान कर रहा था।

## मैनपुरी में विशेष अभियान, 225 वाहनों के चालान

मैनपुरी। मैनपुरी में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए एक विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत कुल 225 वाहनों के चालान काटे गए और ?2.21 लाख का जुर्माना वसूला गया। पुलिस अधीक्षक मैनपुरी श्री गणेश प्रसाद साहा के निर्देश पर यह अभियान 11 दिसंबर 2025 को चलाया गया। इसमें अपर पुलिस अधीक्षक नगर/यातायात श्री अरुण कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक यातायात श्री दीपशिखा सिंह और यातायात प्रभारी श्री सुनील कुमार सिंह सहित यातायात व थाना पुलिस शामिल थी। अभियान के दौरान, बिना हेलमेट और तीन सवारी वाले 75 वाहनों के चालान किए गए। अन्य विभिन्न यातायात नियमों के उल्लंघन में 150 चालान काटे गए। कुल 225 चालानों में से 12,000 का नकद समन शुल्क मौके पर ही वसूला गया, जबकि कुल 2,21,000 का जुर्माना लगाया गया। इस विशेष अभियान के तहत काली फिल्म लगी गाड़ियों की भी जांच की गई।

## बच्ची के रेपिस्ट को 20 साल की सजा

झांसी। झांसी में अपर सत्र न्यायधीश/विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट मोहम्मद नेयाज अहमद अंसारी की अदालत ने तीन साल की बच्ची से रेप करने वाले अपराधी को 20 साल की सजा सुनाई है। चार साल पहले हरियाणा के रहने वाले रामकिशन अहिरवार ने बच्ची को अकेला पाकर उसके साथ हैवानियत की थी। बच्ची रोई तो उसका दस साल का बड़ा भाई उसे लहूलुहान हालत में देख शोर मचाते हुए मदद के लिए दौड़ पड़ा था। यहां बच्ची की मां की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर अपराधी रामकिशन अहिरवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। बच्ची को न्याय दिलाने वाले विशेष लोक अभियोजक विजय सिंह कुशवाहा ने बताया कि झांसी के पूंछ थाने में तीन साल की आदिवासी बच्ची की मां ने पुलिस को तहरीर देते हुए रामकिशन अहिरवार, निवासी तौसाम तहसील, जिला भिवानी (हरियाणा) के खिलाफ रेप का मुकदमा दर्ज कराया था।

# सवारी भरने के लिए ई-रिक्शा वालों ने पीट-पीटकर मार डाला

**अलीगढ़।** अलीगढ़ में ई-रिक्शा चालकों ने निजी बस के कर्मचारी को पीट-पीटकर मार डाला। उनके बीच सवारी भरने को लेकर विवाद हुआ। ई-रिक्शा चालकों ने लाठी-डंडे से बस कर्मचारी पर हमला बोल दिया। उसे बचाने आए लोगों को भी पीट-पीटकर घायल कर दिया।

प्राइवेट बस संचालकों ने श्रीपाल को सवारियां बैठाने के लिए रखा था। श्रीपाल बस की सवारियों के लिए आवाज लगा रहे थे। कुछ सवारियां ई-रिक्शा में बैठने जा रही थीं। श्रीपाल उन्हें बस में ले जाना चाहते थे। इसको लेकर ई-रिक्शा वाले से उनका विवाद हो गया।

सूचना मिलते ही अकराबाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन आरोपी पुलिस के आने से पहले ही भाग निकले। पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना गुरुवार दोपहर अकराबाद थाना क्षेत्र की है।

# रोटरी शरद मेला 2025 की तैयारियां पूरी, अधिकारियों ने किया व्यवस्थाओं का निरीक्षण

## विशेष अतिथियों के लिए गेस्ट हाउस, पत्रकारों के लिए अलग मीडिया कक्ष : देवेश बंसल

**पीलीभीत।** रोटरी क्लब ऑफ पीलीभीत द्वारा आयोजित रोटरी शरद मेला 2025 की तैयारियां अपने अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। मेला चेयरमैन देवेश बंसल ने बताया कि 12 से 16 दिसंबर तक लगने वाले इस भव्य मेले के लिए सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं।

मेले की पूर्व संध्या पर मेला कमेटी ने मैदान पहुँचकर तैयारियों का सूक्ष्म निरीक्षण किया।



मेला स्टाल इंचार्ज व को-चेयरमैन अवधेश गुप्ता ने बताया कि सभी स्टालों को सुव्यवस्थित ढंग से क्रमबद्ध किया गया है, जिससे भीड़ किसी एक स्थान पर इकट्ठी न हो और दर्शकों को सुगम आवाजाही मिल सके।

उन्होंने कहा कि सुरक्षा और सुविधा दोनों को ध्यान में रखते हुए विशेष अतिथियों के लिए एक अलग गेस्ट हाउस तथा पत्रकारों के लिए मीडिया कक्ष बनाया गया है।

निरीक्षण के दौरान मेला सलाहकार परविंदर सिंह सहमी, रोटरी अध्यक्ष डॉ. अनिल सक्सेना, क्लब की प्रथम महिला डॉ. अनुरिता सक्सेना, पूजा छाबड़ा, देवेंद्र सिंह छाबड़ा, अनिल अग्रवाल, अश्विनी अग्रवाल, रवि अग्रवाल, पंकज महातिया, गौरव अग्रवाल सहित कई पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे। सभी ने मिलकर मेले की तैयारियों की समीक्षा की और विभिन्न व्यवस्थाओं को सराहा। रोटरी शरद मेला पीलीभीत का सांस्कृतिक, सामाजिक और रचनात्मक गतिविधियों का प्रमुख आकर्षण माना जाता है, जिसे लेकर शहरवासियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

# पुलिस ने लोगों को साइबर अपराध के प्रति किया जागरूक



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक, कालू सिंह, सम्बन्धित क्षेत्राधिकारीगण के पर्यवेक्षण में जनपद ललितपुर की साइबर टीम द्वारा अपने -अपने थाना क्षेत्र में जनता के लोगो को साइबर अपराध एवं उससे बचाव हेतु लोगो को जागरूक किया गया। जागरुकता कार्यक्रम के दौरान साइबर बुलिंग, स्टॉकिंग, फिसिंग, स्लेबरी, आईडेन्टिटी थेफ्ट आदि के विषय में विस्तृत रुप से जानकारी दी गई तथा साइबर अपराध से बचाव के सम्बंध में निम्न जानकारियाँ दी गई। डीप फेक, एआई, डिजिटल अरेस्ट आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया गया ।किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें तथा प्लेस्टोर/आईओएस से जेनुइन ऐप ही डाउनलोड करें, इनके अतिरिक्त किसी अन्य प्लेटफॉर्म से कोई ऐप डाउनलोड न करें । किसी अनजान व्यक्ति से अपनी बैंकिंग सम्बंधी कोई भी डिटेल शेयर न करें तथा ओटीपी आदि मांगने पर न दें । सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय सावधानियां बरते ।किसी भी पोस्ट की सच्चाई जाने विना उसे शेयर न करें , अनजान लोगो की फ्रैन्ड रिक्वेस्ट आने पर उसे एक्सेप्ट न करें तथा सिक्योरिटी फीचर हमेशा ऑन रखें ।

कॉल पर किसी भी व्यक्ति द्वारा दिए गए ऑफर, लालच, या धमकी पर विश्वास न करें । सभी प्रकार के ईलेक्ट्रानिक उपकरण, सभी डिजिटल अकाउंट का स्ट्रांग पासवर्ड बनाएं तथा टू-स्टेप ऑथेंटिकेशन की सेटिंग अनिवार्य रुप से ऑन रखें । साइबर फ्राड होने पर तत्काल अपनी शिकायत साइबर हेल्प लाइन नं0 1930, NCCRP पोर्टल पर शिकायत रजिस्टर्ड करने या । www.cybercrime.gov.in पर अपनी शिकायत रजिस्टर्ड करायें अथवा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर अपने निकटतम थाने या डायल-112 पर सूचना दें, जिससे कि वित्तीय धोखाधड़ी होने पर साइबर क्राइम के गोल्डन ऑवर में कार्यवाही की जा सके ।

## पुलिस ने छात्राओं महिलाओं किया जागरूक

**ललितपुर।** नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद ललितपुर में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत जनपद के थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों व गाँव-गाँव आदि जगहों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीड़न से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार व हेल्प लाइन से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की ।आपात स्थिति में सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर्स। 1090 वूमेन पावर लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन , 181 महिला हेल्पलाइन , 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन साइबर अपराध से बचाव के लिए निम्न जानकारियाँ दी गई। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें । कभी भी अनजान व्यक्ति को अपना बैंक डिटेल, ओटीपी आदि मांगने पर कभी न दें । सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय सावधानियां बरते । किसी भी पोस्ट की सच्चाई जाने विना उसे फोरवर्ड व शेयर न करें । अनजान लोगो की फ्रैन्ड रिक्वेस्ट आने पर उसे एक्सेप्ट न करें ।

# गैस से भरे टैंकर में कार ने मारी टक्कर, रिसाव

**प्रयागराज।** प्रयागराज में गुरुवार को कानपुर-वाराणसी एक्सप्रेसवे पर बड़ा हादसा होते-होते बच गया। दोपहर करीब 11: 45 बजे एक अनियंत्रित कार अत्यधिक ज्वलनशील गैस से भरे टैंकर से पीछे से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि टैंकर से गैस का तेजी से रिसाव शुरू हो गया। गैस लीक की सूचना मिलते ही आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। एनडीआरएफ, फायर ब्रिगेड , पुलिस टीम मौके पर पहुंची पानी की बौछार कर के गैस लीक पर काबू पाया । करीब 2 घंटे तक हाईवे को दोनों तरफ से बंद कर दिया गया। गैस रिसाव को काबू कर लिया गया है। हादसे में कार चालक को चोट आई है। हादसा सहसों थाना क्षेत्र का है। कानपुर बनारस एक्सप्रेस वे पर अत्यधिक ज्वलनशील गैस से भरी एक टैंकर बनारस की तरफ जा रही थी। सहसों के बेरुई उर्फ अल्पी का पूरा गांव के सामने दिन में करीब 11.45 बजे पीछे से आ रही एक गाड़ी अनियंत्रित होकर गैस से भरे टैंकर से टकरा गई।

# एसआईआर में प्रदेश भर में अव्वल जनपदों में शुमार हुआ ललितपुर

## भ्रान्तियों पर न करें विश्वास, राजनैतिक दल सीधे हमसे करें बात, कोई भी वैद्य मतदाता सूची से नहीं हटेगा : जिला निर्वाचन अधिकारी



**ललितपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त निर्देशों के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के सम्बंध में जनपद के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ गुरुवार को कलैक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय बैठक की। बैठक में एसआईआर के तहत एएसडी मतदाताओं का डाटा पेनड्राइव में अपलोड करके समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराया गया और कहा गया कि डाटा को अच्छी तरह से जांच लें और अगर कोई भिन्नता पायी जाती है तो संज्ञान में लाये, ताकि उसमें सुधार कराया जा सके। यह भी आग्रह किया गया कि यदि किसी का नाम सूची में नहीं है तो उसका फार्म-6 भरकर सम्बंधित बीएलओ को उपलब्ध करा दें। राजनैतिक दलों से यह भी कहा गया कि यदि किसी ने अपने बीएलए नियुक्त नहीं किये हैं तो शीघ्र नियुक्त करते हुए जिला निर्वाचन कार्यालय को सूचना भेज दें। यह भी अवगत कराया कि जनपद में एसआईआर के तहत मतदाताओं का डिजिटाईजेशन कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। उन्होंने राजनैतिक दलों से कहा कि एसआईआर के प्रति किसी भी भ्रान्तियों पर विश्वास न करें, सोशल मीडिया पर एसआईआर के सम्बंध में किसी भी भ्रामक सूचना को साझा करने से बचें। उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी ने कहा कि एसआईआर के सम्बंध में किसी भी समस्या के समाधान, सूचनाओं के आदान प्रदान आदि के लिए उनके दूरभाष पर बात कर सकते हैं।

# विदेश भेजने के नाम पर 200 लोगों से धोखाधड़ी

**आरोपी को लेकर मुम्बई पुलिस रवाना, दो साथी फरार**

**देवरिया।** मुंबई पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर 3 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में एक आरोपी को देवरिया से गिरफ्तार किया है। आरोपी को देवरिया न्यायालय में पेश करने के बाद मुंबई लेकर रवाना हो गई। इस मामले में दो अन्य आरोपी अभी भी फरार हैं।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान देवरिया जिले के मईल थाना क्षेत्र के धरमेर गांव निवासी संतोष यादव के रूप में हुई है।

संतोष यादव पर आरोप है कि उसने अपने दो साथियों के साथ मिलकर लगभग 200 लोगों को विभिन्न देशों में नौकरी दिलाने का झांसा दिया। पीड़ितों के पासपोर्ट जमा कराकर उनसे करीब 3 करोड़ रुपये की ठगी की गई थी।

जब पीड़ितों को विदेश नहीं भेजा गया और उन्हें धोखाधड़ी का एहसास हुआ, तो उन्होंने तीनों आरोपियों के खिलाफ मुंबई के समता नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई। मामला दर्ज होने के बाद आरोपी मुंबई से फरार हो गए थे।

मुंबई पुलिस ने सर्विलांस की मदद से आरोपी संतोष यादव की लोकेशन ट्रेस की और उसके गांव पहुंची। पुलिस ने संतोष यादव को जीरासो के मैदान में क्रिकेट खेलते समय गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर गुरुवार को उसके फरार साथियों के ठिकानों पर भी छापेमारी की, लेकिन वे नहीं मिले।

मुंबई पुलिस ने संतोष यादव को गुरुवार को देवरिया न्यायालय में पेश किया, जहां से उसकी रिमांड मिल गई। पुलिस का मानना है कि यह धोखाधड़ी एक बड़े नेटवर्क का हिस्सा हो सकती है, जिसमें देवरिया और आसपास के जिलों के कई अन्य लोग भी शामिल हो सकते हैं। मईल के प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि मुंबई पुलिस एक आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर मुंबई ले गई है। संतोष यादव के दो साथी अभी भी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है।

## ब्लॉक प्रमुख के भतीजे की थार टकराई

**बदायूं।** बदायूं में एक ब्लॉक प्रमुख के भतीजे की थार गाड़ी बुधवार रात एक खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे के बाद युवक ने मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों से हाथापाई की और हंगामा किया। पुलिस ने बाद में सिपाही की शिकायत पर आरोपी युवक और उसके एक साथी के खिलाफ सरकारी काम में बाधा डालने, मारपीट और गालीगलौज का मामला दर्ज किया है। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। यह घटना सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में ओवरब्रिज के पास संतोख सिंह तिराहे पर हुई। बरेली के फ्रैंड्स कॉलोनी निवासी रजत सिंह पुत्र राजीव कुमार सिंह अपने साथियों के साथ बुधवार रात करीब 12 बजे एक शादी समारोह से लौट रहे थे। उनकी थार गाड़ी पीछे से एक खड़े ट्रक में जा टकराई। टक्कर के बाद गाड़ी से धुआं उठने लगा और मौके पर भीड़ जमा हो गई। हादसे के बाद रजत और उसके साथियों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। इसी दौरान वहां से गुजर रहे सिपाही लवकेश और पवन मौके पर पहुंचे। मुकदमे के अनुसार, रजत और उसके साथियों ने सिपाहियों से हाथापाई की। कुछ स्थानीय बीजेपी नेता भी मौके पर पहुंचे और मामले को सुलझाने का प्रयास किया। इसी बीच, रजत मौके से फरार हो गया।

## संक्षिप्त समाचार

### नाइजीरिया में आर्मी ने की प्रदर्शनकारी महिलाओं पर फायरिंग, 9 की मौत

**अबुजा, एजेंसी।** उत्तर-पूर्वी नाइजीरिया के अदामावा राज्य में विरोध प्रदर्शन कर रही महिलाओं पर सेना के जवानों ने गोलियां चलाई, जिसमें कम से कम 9 महिलाओं की मौत हो गई। यह आरोप प्रदर्शनकारियों और पीड़ित परिवारों ने लगाया है। घटना सोमवार को लामुर्दे इलाके में हुई। गवाहों और पीड़ितों के परिजनों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार, महिलाएं स्थानीय समुदायों के बीच चल रहे हिंसक झड़पों और सेना की कथित लापरवाही के खिलाफ प्रदर्शन कर रही थीं। इसी दौरान सेना के जवानों ने रास्ता रोके जाने पर फायरिंग कर दी। फायरिंग में 10 अन्य लोग घायल हुए हैं। हालांकि नाइजीरियन आर्मी ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि प्रदर्शनकारियों की मौत सेना की गोली से नहीं, बल्कि स्थानीय सशस्त्र समूहों (मिलिशिया) की कार्रवाई में हुई है। एमनेस्टी इंटरनेशनल ने गवाहों और पीड़ित परिजनों के बयान के आधार पर दावा किया है कि फायरिंग सेना ने की। एमनेस्टी नाइजीरिया के निदेशक ईसा सनुसी ने कहा कि यह घटना दिखाती है कि सेना के मानवाधिकार उल्लंघन का रवैया अब भी नहीं बदला है। अदामावा में हाल के महीनों में बाचामा और चोबो समुदायों के बीच जमीन को लेकर लगातार झड़पें हो रही हैं। इसी के चलते इलाके में कर्फ्यू लगाया गया है। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि सुरक्षा बल कर्फ्यू लागू कराने में नाकाम हैं, जिससे हिंसा थम नहीं रही है। एक पीड़ित पिता ने बताया, 'सैनिक संघर्ष वाले इलाके से लौट रहे थे और रास्ते में महिलाओं को देख अचानक एक जवान ने हवा में गोली चलाई, फिर बाकी सैनिकों ने सीधा फायर कर दिया।' नाइजीरिया में सुरक्षा बलों पर इस प्रकार की कार्रवाइयों के आरोप पहले भी लगे हैं। 2020 में लागोस में पुलिस अत्याचार के खिलाफ हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान भी सेना पर गोलीबारी और 'हत्याकांड' के आरोप लगे थे। एमनेस्टी ने इस घटना की स्वतंत्र जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### नेपाल में 4.3 तीव्रता का भूकंप

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल में 4.3 तीव्रता का भूकंप आया है। काठमांडू में अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को चीन की सीमा से लगे नेपाल के कालापानी क्षेत्र में 4.3 तीव्रता का भूकंप आया। तत्काल किसी प्रकार के नुकसान या हताहत की कोई सूचना नहीं मिली है। वहीं राष्ट्रीय भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के अनुसार, सुदूर पश्चिम प्रांत के दार्चुला जिले के उत्तर में स्थित कालापानी में भूकंप के झटके रात 9 :24 बजे दर्ज किए गए। सोमवार को इसी प्रांत के बाजुरा जिले के मार्टाडी में शाम 6 :58 बजे 3.6 तीव्रता का भूकंप आया था।

### क्यूबा के पूर्व मंत्री फर्नांडीज को जासूसी के आरोप में उम्रकैद

**हवाना , एजेंसी।** क्यूबा के सुप्रीम पॉपुलर ट्रिब्यूनल ने पूर्व अर्थव्यवस्था मंत्री अलेजांद्रो गिल फर्नांडीज को जासूसी के आरोप में उम्रकैद की सजा सुनाई है। एक अलग मामले में उन्हें रिश्वत, फर्जी दस्तावेज और टैक्स चोरी के लिए 20 साल और मिले। 2018-2024 तक मंत्री रहे गिल राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कनेल के बेहद करीबी थे, लेकिन हटाए जाने के बाद उन पर गंभीर गलतियों का आरोप लगा। अदालत ने जासूसी के विवरण नहीं बताए।

### नेपाल : एयरपोर्ट घोटाले में पूर्व मंत्रियों समेत 55 पर केस

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल की भ्रष्टाचार जांच आयोग ने पोखरा के अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के निर्माण में भारी गड़बड़ी के आरोप में पूर्व मंत्रियों समेत 55 लोगों और एक चीनी निर्माण कंपनी पर मामला दर्ज किया है। आयोग के अनुसार, 2012 में तय बोली 169.6 मिलियन डॉलर (करीब 15 अरब 24 करोड़ भारतीय रुपया) थी, लेकिन अधिकारियों ने चीनी कंपनी की मिलीभगत से इसे बढ़ाकर करीब 21 अरब 92 करोड़ रुपया कर दिया, यानी 7.4 करोड़ डॉलर से ज्यादा की अनियमितता। यह मामला काठमांडो की विशेष अदालत में दाखिल किया गया।

### अमेरिका में अप्रवासी बच्चों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में अप्रवासी बच्चों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल उठे हैं। अमेरिकी इमीग्रेशन एंड कस्टम्स एन्फोर्समेंट (आईसीई) ने कोर्ट में दायर एक दस्तावेज में माना है कि इस साल अगस्त-सितंबर के दौरान करीब 400 बच्चों को 20 दिन की कानूनी सीमा से अधिक समय तक हिरासत में रखा गया। यह खुलासा उन वकीलों ने किया जो 1985 से चल रहे मामले की निगरानी कर रहे हैं। इसी मुकदमे से 1990 के दशक में फ्लोरेस सेटलमेंट एग्रीमेंट बना, जो बच्चों के लिए सुरक्षित, स्वच्छ और सीमित अवधि की हिरासत अनिवार्य करता है। वकीलों ने अदालत को बताया कि कई केंद्रों में अस्वच्छ हालात, चिकित्सा सेवा में देरी और होटल कमरों में तय सीमा से अधिक समय तक बच्चों को रखने की शिकायतें मिलीं।

# जेलेंस्की से मुलाकात के बाद ईसाई धर्मगुरु के निशाने पर आए ट्रंप!



**रोम, एजेंसी।** ईसाई धर्मगुरु पोप लियो 14वें ने मंगलवार को अमेरिका के ट्रंप प्रशासन की ओर से लंबे समय से चले आ रहे अमेरिका-यूरोपीय गठबंधन को तोड़ने की कोशिश की आलोचना की। दुनिया की सबसे बड़ी आबादी के सर्वोच्च धर्मगुरु की ओर से इस तरह की खुली आलोचना अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के लिए बड़ा झटका माना जा सकता है।

डोनाल्ड ट्रंप ने यूरोपीय नेताओं को कमजोर होने के साथ यूक्रेन को मिलने वाले अमेरिकी समर्थन को कम करने का भी संकेत दिया था। इस मुद्दे पर पोप लियो 14वें ने अप्रत्यक्ष रूप से जोर देकर कहा कि यूक्रेन शांति समझौते में यूरोप की भूमिका होनी चाहिए।

पोप लियो का कीव दौरा यूरोपीय समर्थन जुटाने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। उन्होंने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से मुलाकात के बाद पत्रकारों से युद्धविराम की जरूरत और रूसी अधिकारियों की ओर से पकड़े गए यूक्रेनी बच्चों की वापसी में मदद के लिए वेटिकन की कोशिशों पर चर्चा की।

ईसाई धर्मगुरु से अमेरिकी शांति प्रस्ताव और इस प्रक्रिया में यूरोपीय शक्तियों को दरकिनार किए जाने के बारे में पूछा गया। इस पर उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी भी समझौते में यूरोप की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, 'यूरोप को वार्ता में शामिल किए बिना शांति समझौते की कोशिश करना अवास्तविक है, क्योंकि युद्ध यूरोप में चल रहा है।' उन्होंने आगे कहा, 'आज और भविष्य में सुरक्षा की गारंटी भी मांगी जा रही है। यूरोप को इसका हिस्सा होना चाहिए, और दुर्भाग्य से हर कोई इसे नहीं समझता, लेकिन मुझे लगता है कि यूरोपीय नेताओं के लिए एकजुट होकर हल तलाशने का यह एक बेहतरीन मौका है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि अमेरिका और यूरोपीय साझेदारों के साथ शांति समझौते के तीन दस्तावेजों पर चर्चा की जा रही है, 20 बिंदुओं का एक रूपरेखा दस्तावेज, सुरक्षा गारंटी वाला दूसरा दस्तावेज और यूक्रेन को फिर से उठ खड़ा करने के बारे में तीसरा दस्तावेज।

बीते हफ्ते में ट्रंप प्रशासन ने अपनी अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति जारी की थी, जिसमें अमेरिका-यूरोपीय गठबंधन पर सवाल उठाए गए हैं और अमेरिका-रूस संबंधों को बेहतर बनाने की इच्छा पर जोर दिया गया है। लियो ने कहा कि उन्होंने जो पढ़ा है, वह 'यूरोप और अमेरिका के बीच कई वर्षों से चले आ रहे एक सच्चे गठबंधन में एक बड़ा बदलाव लाएगा।' इसके अलावा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कुछ टिप्पणियों से ऐसा लगता है कि 'आज और भविष्य में जिस गठबंधन की जरूरत है, उसे तोड़ने की कोशिश की जा रही है।'

उन्होंने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका में कुछ लोग इस कोशिश से सहमत हो सकते हैं, लेकिन मुझे लगता है कि कई अन्य लोग चीजों को अलग तरीके से देखेंगे। पोप लियो अब तक जेलेंस्की से तीन बार मिल चुके हैं और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से कम से कम एक बार टेलीफोन पर बात कर चुके हैं।

### चीन की चाल: नेपाल को खोखला कर रहा ड्रैगन? पोखरा एयरपोर्ट घोटाले में रंगे मिले 'अपनों' के हाथ; जांच शुरू

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल में चीन के बढ़ते प्रभाव को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। कारण है कि नेपाल के भ्रष्टाचार जांच आयोग ने पोखरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट निर्माण में 55 नेपाली अधिकारियों और चीनी कंपनी सीएएमसी पर 74 मिलियन डॉलर की गड़बड़ी का आरोप लगाया है। इसके साथ ही इन 55 अधिकारियों और चीनी कंपनी सीएएमसी पर मामला भी दर्ज किया है। माना जा रहा है कि यह नेपाल में अब तक का सबसे बड़ा भ्रष्टाचार का मामला है। आयोग के अनुसार, सरकार और चीनी कंपनी ने निर्माण खर्चों में गड़बड़ी करके 74 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक की रकम बढ़ा दी। इसके तहत 2012 में जो बिडिंग तय हुई थी, वह 169.6 मिलियन डॉलर थी, लेकिन इसे बढ़ाकर 244 मिलियन डॉलर कर दिया गया। पोखरा एयरपोर्ट और चीन का संबंध, समझिए नेपाल के पोखरा एयरपोर्ट में चीन की भूमिका को ऐसे समझा जा सकता है कि पोखरा एयरपोर्ट चीन के एक्जिम बैंक के लोन पर बनाया गया था। यह शहर नेपाल के प्रमुख पर्यटन स्थलों और ट्रेकिंग रूट्स की शुरुआत का केंद्र है, लेकिन 2023 में संचालन शुरू होने के बावजूद अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को आकर्षित नहीं कर सका।

# राजमार्ग पर आपात लैंडिंग के दौरान कार से टकराया विमान, पायलट और यात्री सुरक्षित, महिला चालक घायल





**ऑरलैंडो (फ्लोरिडा), एजेंसी।** फ्लोरिडा के ऑरलैंडो के पास सोमवार शाम को एक छोटे विमान ने अंतरराज्य राजमार्ग-95 (आई-95) पर आपातकालीन लैंडिंग की। इस दौरान विमान कार से टकरा गया और दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस घटना में एक व्यक्ति घायल हुआ।

ब्रेवर्ड काउंटी दमकल और बचाव सेवा के मुताबिक, विमान आई-95 राजमार्ग पर मील चिह्न 201 के पास दक्षिण दिशा में आपातकालीन लैंडिंग की कोशिश कर रहा था, तभी वह एक कार से टकरा गा और दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

फॉक्स 13 न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, विमान में दो लोग सवार थे। इनमें एक 27 वर्षीय पायलट और 27 वर्षीय यात्री शामिल थे। विमान फिक्स्ड विंग मल्टी-इंजन बीचक्राफ्ट 55 बताया जा रहा है। फ्लोरिडा राजमार्ग पुलिस के मुताबिक, पायलट और यात्री दोनों सुरक्षित रहे और उन्हें किसी तरह की चोट नहीं आई। रिपोर्ट के मुताबिक, विमान टोयोटा कैमरी कार से टकराया, जिसे एक 57 वर्षीय महिला चला रही थी। इस टक्कर में वह घायल हुई और उसे पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। महिला को भी हल्की चोटें आई हैं।

अमेरिका की विमानन निगरानी संस्था संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) ने बताया कि पायलट ने विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से पहले इंजन में समस्याओं की सूचना दी थी। इस घटना की जांच राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) कर रहा है। एनटीएसबी ने बताया कि विमान मेरिट आईलैंड से एक प्रशिक्षण उड़ान पर उड़ा था, लेकिन उड़ान के कुछ समय बाद दोनों इंजनों में शक्ति चली गई। पायलट को विमान को नजदीकी राजमार्ग पर आपातकालीन लैंडिंग करने के लिए मजबूर होना पड़ा। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें विमान को कार से टकराते देखा जा सकता है।

# इंडोनेशिया के जकार्ता में सात मंजिला ऑफिस बिल्डिंग में लगी भीषण आग, 20 लोगों की मौत



**जकार्ता, एजेंसी।** इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता के केमायोरन इलाके में मंगलवार दोपहर एक सात मंजिला ऑफिस बिल्डिंग में आग लगने से बड़ा हादसा हो गया। इसमें कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोगों के अंदर फंसे होने की आशंका है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार आग पर काबू पा लिया गया है और इमारत के अंदर राहत व खोजबीन अभियान जारी है। इस जानकारी की पुष्टि सेंट्रल जकार्ता पुलिस प्रमुख सुसात्यो पुरनोमो कोंड्रो ने की।

**आग पहली मंजिल से ऊपर की मंजिलों तक फैल गई :** कोंड्रो के अनुसार आग दोपहर के समय इमारत की पहली मंजिल पर लगी और धीरे-धीरे ऊपर की मंजिलों तक फैल गई। जिस समय आग लगी, कई कर्मचारी लंच कर रहे थे, जबकि कुछ ऑफिस से बाहर जा चुके थे।

**आग के कारणों की जांच जारी :** जकार्ता डिजास्टर मैनेजमेंट एजेंसी के प्रमुख इस्नावा अदजी ने बताया कि आग के कारणों की जांच जारी है और नुकसान के आकलन पर काम हो रहा है। उनके मुताबिक आग कैसे लगी, यह अब भी जांच का विषय है। अधिकारियों ने आग बुझाने के लिए 28 फायर ट्रक और 101 कर्मियों को तैनात किया था। मृतकों और घायलों को पहचान और इलाज के लिए पूर्वी जकार्ता के क्रामत जाति पुलिस हॉस्पिटल ले जाया गया। यह इमारत टेरा ड्रोन इंडोनेशिया का मुख्यालय है, जो खनन, कृषि समेत कई क्षेत्रों में ग्राहकों को हवाई सर्वे ड्रोन सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनी है। अधिकारियों का कहना है कि राहत कार्य पूरा होने तक इमारत को पूरी तरह सील रखा जाएगा।

# इमरान की बहनों ने अडियाला जेल के बाहर डाला डेरा

## क्या बड़ी साजिश रच रही है शरीफ सरकार!



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की जेल से रिहाई को लेकर उनकी बहनों ने एक बार फिर अडियाला जेल के बाहर डेरा डाल दिया। पूर्व प्रधानमंत्री की बहनों ने मंगलवार को सैकड़ों समर्थकों के साथ जेल के बाहर विरोध प्रदर्शन किया है। इस दौरान उन्होंने हिरासत में इमरान खान की सेहत और सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता जताई है। दूसरी तरह शहबाज शरीफ की सरकार इमरान खान की रिहाई को और मुश्किल बनाने की तैयारी में है। जानकारी के मुताबिक पाकिस्तान में इमरान खान के खिलाफ देशद्रोह का मामला चलाया जा सकता है।

इससे पहले मंगलवार को इमरान की दोनों बहनें, उज्मा खान और अलीमा खान जेल के गेट के पास प्रदर्शन किया। इस दौरान समर्थकों ने 'सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है', 'आजादी आजादी' जैसे नारे भी लगाए। इस मौके पर जेल के बाहर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। बता दें कि इमरान खान की सेहत को लेकर चिंताओं और उनकी मौत के बाद पिछले सप्ताह उनकी बहन उजमा को पूर्व प्रधानमंत्री से मिलने की इजाजत मिली थी।

खान की बहन डॉ. उज्मा खान ने जेल में अपने भाई से मुलाकात करने के बाद कहा कि उनका स्वास्थ्य पूरी तरह से ठीक है लेकिन उन्हें मानसिक यातना दी जा रही है। वहीं उज्मा की मुलाकात के बाद पीटीआई ने एक बयान में कहा था कि इमरान खान को खान को दिन के अधिकतर समय जेल की कोठरी में ही रखा जाता है और केवल थोड़ी देर के लिए बाहर जाने की अनुमति दी जाती है। उन्होंने यह भी कहा कि इमरान खान को किसी से बात करने की अनुमति भी नहीं है। इमरान खान अगस्त 2023 से जेल में हैं।

**क्या साजिश रच रही शहबाज सरकार :** इससे बीच न्यूज 18 ने अपनी एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया है कि पाकिस्तान का राजनीतिक तबका पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ देशद्रोह का मामला चलाने और उनकी पार्टी, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पर प्रतिबंध लगाने पर की तैयारी में है।

सूत्रों का दावा है कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की आसिम मुनीर के इशारों पर सरकार कई तरह के और प्रतिबंध लगाने पर भी विचार कर रही है। सूत्रों ने बताया कि अधिकारियों ने कहा है कि इमरान खान का राजनीतिक विरोध और देश के संस्थानों के साथ टकराव पाकिस्तान को एक खतरनाक स्थिति में डाल सकता है।

# मेहुल चोकसी की अपील बेल्जियम के सुप्रीम कोर्ट में भी खारिज, जल्द होगा भारत प्रत्यर्पण?

**ब्रसेल्स, एजेंसी।** बेल्जियम की सर्वोच्च अदालत 'कोर्ट ऑफ कैसेशन' ने भगोड़े हीरा व्यापारी मेहुल चोकसी की गिरफ्तारी के खिलाफ दायर अपील को खारिज कर दिया है। यह फैसला भारत के पक्ष में गया है और अब चोकसी के प्रत्यर्पण की औपचारिक प्रक्रिया बेल्जियम में आगे बढ़ सकती है। इस मामले से जुड़े अधिकारियों ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की।

ब्रसेल्स में हुई सुनवाई के दौरान अदालत ने एंटवर्प कोर्ट ऑफ अपील के 17 अक्टूबर के फैसले को बरकरार रखा। कोर्ट ने साफ कहा कि चोकसी की यह दलील निराधार है कि भारत भेजे जाने पर उसे यातना का जोखिम है। ब्रसेल्स के महाधिवक्ता हेनरी वेंडरलिंडेन ने ईमेल के जरिए बताया- सर्वोच्च अदालत ने चोकसी की अपील खारिज कर दी है। इसलिए निचली अदालत का फैसला ही प्रभावी रहेगा।

मेहुल चोकसी ने पंजाब नेशनल बैंक में 13000 करोड़ रुपये के कथित घोटाले के मामले में भारत प्रत्यर्पण को चुनौती दी थी। एंटवर्प की अपीली अदालत ने चोकसी के प्रत्यर्पण के भारत के अनुरोध को लागू-योग्य बताते हुए बरकरार रखा था। एंटवर्प में अपीली अदालत के चार सदस्यीय अभियोग कक्ष को 29 नवंबर, 2024 को जिला अदालत के 'प्री-ट्रायल चैंबर' द्वारा जारी आदेशों में कोई खामी नहीं मिली। जिला अदालत ने मई 2018 और जून 2021 में मुंबई की विशेष अदालत द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट को लागू-योग्य बताया था और चोकसी के प्रत्यर्पण की अनुमति दी थी।

**उसके अपहरण के दावे का कोई ठोस सबूत नहीं है :** चोकसी ने दावा किया था कि 2021 में अण्टीगुआ और बारबूडा में उसका अपहरण भारत की मदद से कराया गया था। अदालत ने कहा कि इंटरपोल की सीसीएफ रिपोर्ट भी इस दावे की पुष्टि नहीं करती और बहुत सतर्क शब्दों में लिखी गई है। अपीली अदालत ने अपने फैसले में कहा था कि 13,000 करोड़ रुपये के पीएनबी घोटाले के मुख्य आरोपी मेहुल चोकसी को भारत प्रत्यर्पित किए जाने पर निष्पक्ष सुनवाई से वंचित किए जाने या किसी प्रकार के दुर्व्यवहार का कोई जोखिम नहीं है।

# 900 करोड़ के बंगले में शिफ्ट होंगे न्यूयार्क के मेयर जोहरान ममदानी



**न्यूयार्क, एजेंसी।** पिछले महीने अमेरिका के सबसे बड़े शहर के मेयर पद के चुनाव को जीतकर इतिहास रचने वाले जोहरान ममदानी एक बार फिर चर्चा में आ गए हैं। इस बार इसकी वजह उनका नया ऐलान है। दरअसल न्यूयॉर्क के निर्वाचित मेयर ममदानी ने हाल ही में यह घोषणा की है कि वे 1 जनवरी को पद संभालने के बाद मैनहट्टन में स्थित मेयर आवास में शिफ्ट होने जा रहे हैं। अपने चुनाव अभियान में अफोर्डेबिलिटी के मुद्दे को प्रमुखता से उठाने वाले ममदानी के इस 100 मिलियन डॉलर वाले बंगले में शिफ्ट होने के फैसले को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

जोहरान ममदानी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा है कि वह और उनकी पत्नी मैनहट्टन के मेयर रेजिडेंस में जाने के लिए तैयार हैं। ममदानी ने कहा है कि उन्होंने परिवार की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया है। उन्होंने लिखा, 'मेरी पत्नी रमा और मैंने जनवरी में ग्रेसी मेंशन में जाने का फैसला किया है। यह फैसला हमारे परिवार की सुरक्षा और न्यूयॉर्क के लोगों ने जिस किफायती आवास के एजेंडे के लिए वोट दिया था, उस पर अपना पूरा ध्यान देने के महत्व को देखते हुए लिया गया है।'

**10,000 वर्ग फुट में फैला है मेंशन :** ग्रेसी मेंशन शहर के पॉश अपर ईस्ट साइड में स्थित है। ईस्ट रिवर के किनारे 10,000 वर्ग फुट से ज्यादा में फैला यह घर 1799 में बनाया गया था। यह हवेली 1942 से न्यूयॉर्क के मेयर का आवास रही है। हालांकि नियमों के मुताबिम मेयर का वहां रहना जरूरी नहीं है। इसके बाद यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि क्या 34 साल के ममदानी, जिन्होंने किफायती आवास जैसी समस्याओं पर चुनाव प्रचार किया था, अपना साधारण दो-बेडरूम वाला घर छोड़ कर इस विला में शिफ्ट होंगे।

**झेल चुके हैं आलोचना :** इससे पहले ममदानी को इस बात के लिए आलोचनाओं का सामना करना पड़ा है कि वह शुरू से ही सब्सिडी वाले आवास में रह रहे थे। इस घर के लिए वह हर महीने 2,300 डॉलर का किराया दे रहे थे, जो शहर के मानकों के हिसाब से कम माना जाता है। विरोधियों का तर्क था कि न्यूयॉर्क स्टेट असेंबली के सदस्य के रूप में उनकी सैलरी और उनकी पत्नी की आय को देखा जाए तो वे किराए की सब्सिडी के बिना भी गुजारा कर सकते थे।

# यूरोप का समर्थन जुटाने पर जेलेंस्की का जोर, रूस को क्षेत्र सौंपने से इनकार किया

**कीव, एजेंसी।** रूस के साथ समझौते के लिए बढ़ते अमेरिकी दबाव के बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने किसी भी क्षेत्र को छोड़ने से साफ इनकार कर दिया है। यूक्रेन के लिए यूरोपीय समर्थन जुटाने का प्रयास कर रहे जेलेंस्की ने कहा, ''निस्संदेह, रूस इस बात पर ज़ोर दे रहा है कि हम अपने क्षेत्र उसे सौंप दें। ज़ाहिर है, हम कुछ भी नहीं छोड़ना चाहते। हम इसी के लिए लड़ रहे हैं। जेलेंस्की ने सोमवार देर रात व्हाट्सएप पर संवाद में पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, ''क्या हम कोई क्षेत्र छोड़ने पर विचार कर रहे हैं? क़ानून के अनुसार, हमारे पास ऐसा कोई अधिकार नहीं है। यूक्रेन के क़ानून, हमारे संविधान, अंतरराष्ट्रीय क़ानून और, सच कहूं तो, हमारे पास नैतिक अधिकार भी नहीं है।'' वहीं, 'पोलिटिको' के साथ एक साक्षात्कार में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर से ज़ेलेंस्की पर अमेरिका के इस प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए दबाव डाला कि यूक्रेन रूस को अपना क्षेत्र सौंप दे। जेलेंस्की ने मंगलवार को रोम के बाहर स्थित पोप निवास, कास्टेल गंडोल्फो में पोप लियो 14वें से मुलाकात की। वह इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी से भी बातचीत करेंगे। वेटिकन ने कहा कि पोप ने ''बातचीत जारी रखने की आवश्यकता दोहराई और वर्तमान राजनयिक पहल से न्यायपूर्ण एवं स्थायी शांति का मार्ग प्रशस्त होने की उम्मीद जताई। सोमवार को, जेलेंस्की ने लंदन में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टारमर, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ के साथ बातचीत की। अमेरिकी और यूक्रेनी वार्ताकारों ने शनिवार को तीन दिन की वार्ता पूरी कर ली, जिसका उद्देश्य अमेरिकी प्रशासन के शांति प्रस्ताव पर मतभेदों को दूर करना था। इस योजना में एक प्रमुख अड़चन यह सुझाव है कि यूक्रेन को डोनबास क्षेत्र का नियंत्रण रूस को सौंपना होगा। यूक्रेन और उसके यूरोपीय सहयोगियों ने क्षेत्र सौंपने के विचार का कड़ा विरोध किया है। यूक्रेन की वायुसेना ने कहा कि रूस ने कल रात देश भर में विभिन्न प्रकार के 110 ड्रोन दागे। अधिकारियों ने बताया कि वायु रक्षा प्रणाली ने 84 ड्रोन को निष्क्रिय कर दिया। पूर्व के हमलों के कारण कई जगहों पर बिजली आपूर्ति बाधित रही। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसकी वायु रक्षा प्रणाली ने रूस के विभिन्न क्षेत्रों और क्रीमिया में 121 यूक्रेनी ड्रोन को नष्ट कर दिया।



### लिथुआनिया ने बेलारूस से आए गुब्बारों पर राष्ट्रीय आपातकाल घोषित किया

**विनियस, एजेंसी।** लिथुआनिया की सरकार ने मंगलवार को राष्ट्रीय आपातकाल घोषित कर दिया। वजह हैं हाल के हफ्तों में बेलारूस से उड़कर आए मौसम संबंधी गुब्बारे, जिन्हें लिथुआनिया अपनी हवाई सीमा का उल्लंघन और सुरक्षा खतरा मान रहा है। इन गुब्बारों की वजह से लिथुआनिया को बार-बार अपना मुख्य हवाई अड्डा बंद करना पड़ा, जिससे हजारों यात्री फंस गए। यूरोप पहले ही यूक्रेन युद्ध के दौरान नाटो देशों की हवाई सीमा में हुई घुसपैठ को लेकर अलर्ट पर है। प्रधानमंत्री इंगा रुगीनीएने ने कहा बेलारूस की इस हाइब्रिड हमले की रणनीति से निपटने के लिए हमें सख्त कदम उठाने होंगे।

# विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक





गौतमबुद्ध नगर

शुक्रवार 12 दिसंबर 2025

Www.vishalindia.in


## दूसरे टी20आई से पहले हरमनप्रीत कौर और युवराज सिंह के नाम पर स्टैंड का उद्घाटन

**न्यू चंडीगढ़ (एजेंसी)।** महाराजा यादविंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे पुरुष टी20आई से पहले भारतीय महिला कप्तान हरमनप्रीत कौर और पूर्व पुरुष ऑलराउंडर युवराज सिंह के नाम पर स्टैंड का उद्घाटन किया गया। पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन (PCA) के कार्यवाहक सचिव सिद्धांत शर्मा ने हरमनप्रीत और युवराज को उनके नाम पर स्टैंड का नाम देकर सम्मानित करने के बारे में बताया था।

गुरुवार को उद्घाटन पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और अध्यक्ष अमरजीत मेहता ने किया जिसमें BCCI अध्यक्ष मिथुन मन्हास और पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया भी मौजूद थे। पिछले महीने हरमनप्रीत ने नवी मुंबई के डी.वाई. पाटिल स्टेडियम में ODI विश्व कप खिताब जीतकर महिला क्रिकेट में भारत को पहली सीनियर ICC ट्रॉफी दिलाकर इतिहास रचा था।

इस बीच युवराज ने भारत की दोहरी विश्व कप जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिसमें 2007 में पहला टी20 विश्व कप और 2011 में ODI विश्व कप शामिल है। उन्होंने सफेद गेंद क्रिकेट में खेल के महान मैच विजेताओं में से एक के रूप में अपनी विरासत को मजबूत किया था। युवराज दूसरे टी20आई से पहले भारतीय टीम के साथ भी शामिल हुए और सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम को कुछ सलाह दी।

हरमनप्रीत तीसरी भारतीय महिला क्रिकेटर बन गई हैं जिनके नाम पर स्टैंड का नाम रखा गया है। इससे पहले झूलन गोस्वामी (ईडन गार्डन्स, कोलकाता) और मिताली राज (ACA-VDCA क्रिकेट स्टेडियम, विशाखापत्तनम) जैसी दिग्गज खिलाड़ियों को यह सम्मान दिया गया था। मान और अन्य PCA पदाधिकारियों की उपस्थिति में हरमनप्रीत, अमनजोत कौर और हरलीन देओल को 11 लाख रुपए के नकद पुरस्कार भी दिए गए जबकि विश्व कप विजेता टीम के फील्डिंग कोच मुनीश बाली को 5 लाख रुपए का पुरस्कार दिया गया।



## खिलाड़ियों की भूमिका से ज्यादा छेड़छाड़ करने पर बोले डिविलियर्स, गंभीर से कुछ हद तक सहमत हूं



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने कहा कि वह भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर के इस विचार से 'कुछ हद तक' सहमत हैं कि वनडे बल्लेबाजी क्रम को जरूरत से ज्यादा महत्व दिया जाता है लेकिन उन्होंने टीम में लचीलापन और खिलाड़ियों की मुख्य भूमिका के बीच संतुलन बनाने की जरूरत पर जोर दिया। भारत की दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे श्रृंखला में 2-1 से जीत के बाद गंभीर ने कहा था कि उन्हें लगता है कि वनडे प्रारूप में बल्लेबाजी क्रम को जरूरत से ज्यादा महत्व दिया जाता है। डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'मैं उनसे कुछ हद तक सहमत हूं। मुझे वनडे में बल्लेबाजों के क्रम में बदलाव करना पसंद रहा है। लेकिन यह एक नाजुक मामला है क्योंकि आप खिलाड़ियों की भूमिकाओं के साथ ज्यादा छेड़छाड़ नहीं कर सकते।' उन्होंने कहा, 'इसमें शीर्ष तीन, चार से छह नंबर के बल्लेबाज शामिल होते हैं। इसके बाद निचले क्रम के बल्लेबाजों की बारी आती है। यह लगभग तीन खंडों की तरह है और आप वास्तव में इसके साथ रचनात्मक हो सकते हैं। दाएं और बाएं हाथ के संयोजन बनाने के लिए और खेल की कुछ विशेष परिस्थितियों के अनुसार बदलाव करना सही है।' भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच जीता जो उसकी 31 मैचों में 27वीं जीत है। डिविलियर्स ने भारतीय टीम की जमकर तारीफ करते हुए कहा, 'भारत का प्रदर्शन विशेषकर टी20 प्रारूप में अविश्वसनीय रहा है। यह तीनों प्रारूपों में सबसे अस्थिर प्रारूप है और ऐसे में अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने का मतलब है कि टीम सही दिशा में आगे बढ़ रही है। मुझे लगता है कि इसका संबंध भारतीय क्रिकेट की गहराई से है।'

## ऑस्ट्रेलिया ने अंडर-19 विश्व कप टीम की घोषणा की, दो भारतीयों को मिली जगह



**मेलबर्न।** नामीबिया और जिम्बाब्वे में 15 जनवरी से 6 फरवरी तक होने वाले पुरुषों के अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप के लिए मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। टीम में भारतीय मूल के दो खिलाड़ियों आर्यन शर्मा और जॉन जेम्स को शामिल किया गया है। आर्यन उपयोगी बल्लेबाज और धीमी गति के बाएं हाथ के स्पिनर हैं जबकि जेम्स ऑलराउंडर हैं जो दाएं हाथ से मध्यम गति की गेंदबाजी करते हैं। यह दोनों उस टीम का हिस्सा थे जो सितंबर में युवा टेस्ट और वनडे श्रृंखला में भारत के खिलाफ खेली थी।

भारतीय मूल के क्रिकेटरों के अलावा ऑस्ट्रेलिया की टीम में श्रीलंकाई मूल के दो खिलाड़ी (नादेन कूरे और नितेश सैमुअल) और चीनी मूल का एक खिलाड़ी (एलेक्स ली यंग) भी शामिल हैं। ओलिवर पीक टीम के कप्तान हैं। ऑस्ट्रेलिया की जूनियर टीम के मुख्य कोच टिम नीलसन ने कहा, 'आईसीसी अंडर19 विश्व कप के लिए एक मजबूत और संतुलित टीम की घोषणा करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है। हमारा ध्यान ऐसे खिलाड़ियों के चयन पर रहा है जिनके कौशल एक-दूसरे के पूरक हों और जिनसे हम टूर्नामेंट में सफलता हासिल करने की उम्मीद कर सकते हैं।'

उन्होंने कहा, 'जिन खिलाड़ियों का चयन किया गया है उन्होंने सितंबर में भारत के खिलाफ अंडर19 श्रृंखला और हाल ही में पर्थ में खोली गई राष्ट्रीय अंडर19 चैंपियनशिप में अच्छा प्रदर्शन किया था।' ऑस्ट्रेलिया को ग्रुप ए में आयरलैंड, जापान और श्रीलंका के साथ रखा गया है। टीम जनवरी की शुरुआत में नामीबिया पहुंचेगी और नौ से 14 जनवरी तक अभ्यास मैच खेलेगी।

### ऑस्ट्रेलिया की अंडर-19 पुरुष टीम

ओलिवर पीक, कैसी बार्टन, नादेन कूरे, जेडन ड्रेपर, बेन गॉर्डन, स्टीवन होगन, थॉमस होगन, जॉन जेम्स, चार्ल्स लाचमंड, विल मलाजचुक, नितेश सैमुअल, हेडन शिलर, आर्यन शर्मा, विलियम टेलर, एलेक्स ली यंग।

## बीसीसीआई की आम बैठक में घरेलू महिला क्रिकेटरों की मैच फीस सहित कई अन्य मामलों पर होगी बात



**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की सालाना आम बैठक इसी माह 22 दिसंबर को होगी। एपेक्स कमेटी की इस बैठक में महिला क्रिकेटरों की मैच फीस सहित अन्य पांच मामलों पर बात हो सकती है। इसमें घरेलू टूर्नामेंट में महिला क्रिकेटरों की मैच फीस को बढ़ाने पर भी बात होगी। इस बार एकदिवसीय विश्वकप में महिला टीम की शानदार जीत से भी खिलाड़ी उत्साहित है और ऐस में उन्हे मैच फीस में बदलाव की उम्मीद है। बीसीसीआई भी खिलाड़ियों के प्रदर्शन से खुशी है और प्रतिभाओं को आगे लाने मैच फीस बढ़ाने पर फैसला ले सकता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पुरुष और महिला खिलाड़ियों के वेतन में समानता है पर घरेलू प्रतियोगिताओं में अब तक ऐसा नहीं हुआ है। वहीं इस बैठक में क्रिकेटरों के केन्द्रीय अनुबंध पर भी बात होगी। इसके अलावा बीसीसीआई अंपायरों की मैच फीस में भी बदलाव करना चाहता है। उसको भी लेकर इस बैठक में विचार किया जाएगा। इसके अलावा कई और मामले भी इस बैठक में उठेंगे।

## सैमसन की प्रशंसा वाले गंभीर के पुराने पोस्ट वायरल होने के बाद प्रशंसकों ने उठाये सवाल

**मुम्बई (एजेंसी)।** विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन अच्छे प्रदर्शन के बाद भी अब तक भारतीय टी20 टीम में अपनी जगह पक्की नहीं कर पाये हैं। सैमसन सलामी बल्लेबाज के तौर पर खेलने के साथ ही मध्यक्रम सहित कई जगहों पर आजमाये गये हैं और उनका प्रदर्शन भी ठीक रहा है। इसके बाद भी उन्हें हमेशा ही बाहर कर दिया जाता है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 में भी शुभमन गिल की वापसी के बाद उन्हें अवसर नहीं मिला। इसी को लेकर अब प्रशंसकों का गुस्सा फूटा है। इस बार प्रशंसकों ने अनोखे अंदाज में अपनी नाराजगी जतायी है। प्रशंसकों ने भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर के तीन पुराने पोस्ट जारी किये हैं जिसमें गंभीर सैमसन की प्रशंसा करते दिख रहे हैं।

ये पोस्ट 2019 और 2020 के हैं, तब सैमसन आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स की ओर से जबरदस्त बल्लेबाजी कर रहे थे पर उन्हें भारतीय टीम में जगह नहीं मिल पा रही थी। गंभीर ने तब सैमसन को न केवल



बेहतरीन विकेटकीपर बल्लेबाज बल्कि उन्हें विश्व कप में नंबर 4 पर बल्लेबाजी करने के योग्य बताया था। वहीं अब जबकि गंभीर भारतीय टीम के कोच है फिर भी सैमसन को टीम में जगह नहीं मिल पा रही है। पहले उन्हें कप्तान शुभमन गिल की वापसी के बाद सलामी बल्लेबाजी से बाहर किया गया। वहीं अब मध्यक्रम से भी बाहर कर दिया गया है।

सैमसन और शुभमन गिल के टी20 में आंकड़े देखें तो यह साफ है कि सैमसन आंकड़ों के हिसाब से उनसे कहीं आगे है। सैमसन ने सलामी बल्लेबाज के तौर पर टी20 में तीन शतक और एक अर्धशतक लगाया है जबकि शुभमन ने एक शतक ही लगाया है।

गंभीर का पहला वायरल पोस्ट 22 सितंबर 2020 का है, जहां उन्होंने लिखा, यह अजीब है कि सैमसन को केवल भारतीय टीम में जगह नहीं मिलती। बाकी सब जब अवसर मिल जाते हैं।

वहीं एक और पोस्ट में गंभीर ने कहा, सैमसन अभी भारत के सबसे अच्छे विकेटकीपर-बल्लेबाजों में से एक है, इसमें किसी को संदेह नहीं होना चाहिये।

गंभीर ने एक और पोस्ट में कहा कि सैमसन की स्किल्स देखकर खुशी हुई कि वह भारत का सबसे अच्छा विकेटकीपर-बल्लेबाज है, मेरे लिए वह विश्व कप में नंबर 4 पर बल्लेबाजी करनी चाहिए।

## बीसीसीआई केन्द्रीय अनुबंध में शुभमन हो सकते हैं प्रमोट, विराट और रोहित होंगे डिमोट

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की इसी माह 22 दिसंबर को होने वाली सालाना जनरल बैठक (एजीएम) में केन्द्रीय अनुबंध पर बड़ा फैसला लिया जा सकता है। इसमें एकदिवसीय और टेस्ट कप्तान शुभमन गिल को प्रमोट कर ए प्लस ग्रेड में रखा जाना तय है। वहीं अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा को डिमोट किया जा सकता है। इसका कारण है कि अब विराट और रोहित केवल एकदिवसीय प्रारुप ही खेलते हैं। वहीं नियमों के अनुसार ए प्लस अनुबंध तीनों प्रारुप खेलने वालों को ही दिया जाता है। इस साल इंग्लैंड दौरे से पहले इन दोनो ने ही टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। वहीं साल 2024 टी20 विश्वकप के बाद टी20 प्रारुप से भी संन्यास ले लिया था।



रोहित और कोहली की जोड़ी अपने अच्छे प्रदर्शन के कारण आईसीसी एकदिवसीय रैंकिंग में पहले और दूसरे नंबर पर बनी हुई है। अभी ए प्लस सूची में विराट और रोहित के अलाव जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा भी शामिल हैं। ग्रेड ए प्लस अनुबंध में सालाना सात करोड़ रुपये जबकि ए में पांच, वहीं बी में तीन और सी में एक करोड़ रुपये मिलते हैं। बीसीसीआई के नियमानुसार अनुबंध उन खिलाड़ियों को दिया जाता है, जिन्होंने एक सत्र में 3 टेस्ट मैच या 8 एकदिवसीय या 10 टी20 मैच खेले हों।

## सैमसन के रहने से मुझे बेहतर प्रदर्शन की प्रेरणा मिलती है : जितेश



मुम्बई। भारतीय टीम में आज सीमित ओवरों के खेल में विकेटकीपर की जगह के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा है। टीम के पास संजू सैमसन, जितेश शर्मा और ऋषभ पंत जैसे विकेटकीपर हैं। विकेटकीपिंग में सैमसन और जितेश के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा है। वहीं इस तरह के माहौल से ड्रेसिंग रूम में तनाव की संभावनाओं को जितेश ने गलत बताया और कहा कि उन्हें सैमसन की मौजूदगी से तो उन्हें प्रेरणा ही मिलती है। जितेश ने कहा कि मुझे सैमसन के साथ टीम में रहने पर काफी अच्छा अनुभव हुआ है। मुझे उससे काफी कुछ सीखने को मिला है। वह मेरे लिए बड़े भाई की तरह हैं। जितेश के अनुसार इस प्रकार की प्रतिस्पर्धा से खिलाड़ियों को अपने खेल का स्तर ऊंचा करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा, 'स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की वजह से अपनी बेहतरीन प्रतिभा निककर बाहर आती है जिससे टीम को लाभ होता है।' सैमसन के दल में रहने को फायदेमंद बताते हुए जितेश ने कहा, वह एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं। ऐसे में अगर मुझे उनके साथ प्रतिस्पर्धा करनी है और कंधे से कंधा मिलाकर खेलना है तो मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा। वहीं अब तक के आंकड़ों को देखें तो सैमसन कहीं आगे हैं। सैमसन ने अब तक 51 टी20 अंतरराष्ट्रीय खेले हैं। उनमें उनके नाम 995 रन है। उनका औसत 25 ।51 और स्ट्राइक रेट 147 ।4 का है। उन्होंने टी20 अंतरराष्ट्री में 3 शतक और 3 अर्धशतक लगाये हैं। सैमसन ओपनर के तौर पर ही सबसे ज्यादा सफल रहे हैं। 2022 में उन्हें पहली बार ओपनिंग का मौका मिला। अब तक बतौर ओपनर उन्होंने 14 मैच खेले हैं जिनमें उनके नाम 512 रन हैं। औसत भी 39 ।38 का है और स्ट्राइक रेट 182 ।2 का। उन्होंने टी20 इंटरनेशनल में अपने तीनों शतक बतौर ओपनर जड़े हैं। इसके अलावा ओपनिंग करते हुए उन्होंने एक अर्धशतक भी जड़ा है।

## जूनियर विश्व कप हॉकी : भारत का दो गोल से पिछड़ने के बाद ऐतिहासिक प्रदर्शन, 9 साल बाद जीता पदक

**चेन्नई (एजेंसी)।** दो गोल से पिछड़ने के बाद मेजबान भारत ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए 9 साल बाद पुरुषों के जूनियर विश्व कप में पहला कांस्य पदक जीता। तीसरे और चौथे स्थान के लिए हुए प्ले-ऑफ मैच में भारत ने अर्जेंटीना को 4-2 से हराया। मेजबान टीम ने अर्जेंटीना के खिलाफ शानदार 4-2 से वापसी करते हुए जीत हासिल की और सिर्फ 11 मिनट के छोटे से समय में चार गोल करके तीसरा स्थान हासिल किया।

निकोलस रोड्रिग्ज (तीसरे') और सैंटियागो फर्नांडीज ने (44वें) मिनट में मेहमान टीम को बढ़त दिलाई थी जिसके बाद भारत के लिए अंकित पाल ने (49वें), मनमीत सिंह ने (52वें), शरदानंद तिवारी ने (57वें) और अनमोल एक्का ने (58वें) मिनट में गोल किए। भारत ने खेल की शुरुआत आक्रामक तरीके से की और अर्जेंटीना के डिफेंस में सेंध लगाने की कोशिश की। हालांकि यह मेहमान टीम थी जिसने खेल के विपरीत जाकर बढ़त हासिल की, जब निकोलस रोड्रिग्ज (तीसरे मिनट) ने पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदला।

एक गोल के बाद मेजबान टीम ने जोरदार जवाब दिया और तुरंत बराबरी की तलाश में थी। भारत को पहले क्वार्टर के अंत में लगभग एक मौका मिला, लेकिन वे इसका फायदा नहीं उठा पाए। दूसरे क्वार्टर में भारत के लिए यह एक उत्साहजनक शुरुआत थी, उन्होंने वहीं से शुरुआत की जहां उन्होंने पहले क्वार्टर में छोड़ा था। वे खेल में अपनी पकड़ बनाने लगे और अधिक महत्वपूर्ण मौके बनाए, जिससे




अर्जेंटीना के डिफेंस पर दबाव पड़ा जो ज्यादातर मौकों पर मजबूत बना रहा। दिलराज सिंह ने गोल पर शॉट लगाया, जबकि मेजबान टीम ने पहले हाफ में आठ सकर्ल पेनिट्रेशन के साथ कुछ आधे मौके बनाए और बराबरी की तलाश में गेंद पर अपना दबदबा बनाए रखा। हालांकि अर्जेंटीना ने पहले हाफ को 1-0 की बढ़त के साथ खत्म किया। भारत ने तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में कुछ पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए। वे हमले में लगातार बने रहे, और अर्जेंटीना के डिफेंस पर दबाव बनाए रखा जो पीछे हट रहा था।

मेहमान टीम काउंटर अटैक पर खेलने की कोशिश कर रही थी और उन्हें कुछ मौके भी मिले, लेकिन प्रिंसदीप सिंह ने शानदार डबल सेव करके भारत को खेल में बनाए रखा। अर्जेंटीना ने आखिरकार तीसरे क्वार्टर के अंत में सैंटियागो फर्नांडीज (44वें) मिनट में किये गोल से अपनी बढ़त दोगुनी कर दी। मेजबान टीम अपने पहले गोल की तलाश में आगे बढ़ती रही और लगभग दस मिनट शेष रहते एक पेनल्टी कॉर्नर हासिल करने में सफल रही। अनमोल एक्का के शानदार ड्रैगफ्लिक की मदद से अंकित पाल ने (49वें) मिनट अर्जेंटीना के गोलकीपर को चकमा देते हुए गोल किया, जिससे भारत ने एक गोल की बराबरी कर ली। मोमेंटम अपने पक्ष में होने के कारण, भारत ने दो मिनट बाद एक और पेनल्टी कॉर्नर पर इसी तरह का मूव किया, जिसमें मनमीत सिंह ने (52वें) मिनट अनमोल एक्का के सेटअप का फायदा उठाते हुए भारत को बराबरी पर ला दिया।

इसके बाद भारत को एक पेनल्टी स्ट्रोक मिला और शारदानंद तिवारी ने (57वें) मिनट में कोई गलती नहीं की और मैच खत्म होने में तीन मिनट से भी कम समय बचा था, तब भारत को बढ़त दिला दी। अपने तीसरे गोल की तलाश में, अर्जेंटीना ने बिना गोलकीपर के खेलने का फैसला किया। उन्हें एक पेनल्टी कॉर्नर से मौका मिला, लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति ने उसे विफल कर दिया। इसके बाद मेजबान टीम ने अनमोल एक्का ने (58वें) मिनट में गोल से जीत पक्की कर ली।

ग्यारह मिनट में चार गोल के साथ भारत ने FIH हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप तमिलनाडु 2025 में कांस्य पदक हासिल करने के लिए एक शानदार वापसी की। इस ऐतिहासिक जीत के बाद हॉकी इंडिया ने खिलाड़ियों को 5 लाख रुपए और सपोर्ट स्टाफ को 2.5 लाख रुपए देने की घोषणा की।

## हार के बाद रियल मैड्रिड के खिलाड़ी हुए बेकाबू, कई प्लेयर्स पर लगे प्रतिबंध



मैड्रिड। सेल्टा विगो से हार के बाद रियल मैड्रिड पर मुख्य रूप से रेफरी के साथ दुर्व्यवहार के कारण उसके खिलाड़ियों पर प्रतिबंध लगाए गए है। रियल मैड्रिड को सेल्टा विगो के साथ मैच के दौरान दूसरे हाफ में डिफेंडर फ्रान गार्सिया और अल्वारो कैरेरास और फॉरवर्ड एंड्रिक को दिखाए गए रेड कार्ड के लिए भारी अनुशासनात्मक कीमत चुकानी पड़ी। गार्सिया पर स्पेनिश फुटबॉल फेडरेशन (RFEF) की अनुशासनात्मक कमेटी ने एक मैच का बैन लगाया है, जिसे वह इस वीकेंड डेपोर्टिवो अलावेस के खिलाफ मैच में नहीं खेल सकेंगे। उन्हें दो येलो कार्ड मिलने के बाद मैच से बाहर कर दिया गया था। हालांकि, कैरेरास और एंड्रिक को दो मैचों के लिए प्रतिबंधित किया गया है, कैरेरास को रेफरी क्विंटरो गोंजालेज को बाहर किए जाने के बाद 'एरेस मालिसिमो' (तुम बहुत बुरे हो) कहने के लिए सजा दी गई है। मैदान पर नहीं उतरने वाले एंड्रिक को भी रेड काड 'दिखाया गया और' बेंच से उठकर टेक्निकल एरिया से बाहर जाने, चौथे रेफरी पर चिल्लाने और टेक्निकल स्टाफ के सदस्यों द्वारा रोके जाने की जरूरत पड़ने' के लिए दो मैचों का प्रतिबंध लगाया गया। घुटने की सर्जरी के बाद फिलहाल बाहर चल रहे डैनी कार्वाजल को भी मैच के बाद ड्रेसिंग रूम के टनल में रेफरी का अपमान करने के लिए दो मैचों के लिए प्रतिबंधित किया गया है।

## अफरीदी ने रोहित-विराट की सराहना की, गंभीर पर निशाना साधा

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने कहा है कि भारतीय टीम को 2027 एकदिवसीय विश्वकप में अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली की जरुरत है। इसलिए इन दोनो को टीम में बनाये रखना चाहिये। अफरीदी ने कहा कि ये दोनो अनुभवी बल्लेबाज भारतीय टीम की रीढ़ की हड्डी की तरह है। इसके साथ ही अफरीदी ने भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर पर भी निशाना साधा और कहा कि वह हमेशा जो सोचते हैं जरुरी नहीं कि वह सही हो। अफरीदी ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में दोनों खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ये दोनों अनुभवी होने के कारण भारत की एकदिवसीय टीम के लिए फायदेमंद रहेंगे। ऐसे में भारतीय टीम को इन स्टार खिलाड़ियों का सही उपयोग करना चाहिये। अफरीदी ने कहा, 卐ये सही है कि विराट और रोहित भारतीय बल्लेबाजी लाइन-अप की रीढ़ हैं। जिस प्रकार उन्होंने वापसी करते हुए एकदिवसीय सीरीज खेली है। उससे ये तय है कि उनमें 2027 विश्वकप तक खेलने की क्षमता हैं। टीम प्रबंधन को इन दोनों खिलाड़ियों को बड़े मुकाबलों के लिए संभालकर रखना चाहिये।' अफरीदी ने रोहित की तारीफ भी की, जिन्होंने एकदिवसयी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का उनका रिकॉर्ड तोड़ा है। अफरीदी ने कहा, 'रिकॉर्ड्स टूटने के लिए ही होते हैं और अब ये रिकॉर्ड भी टूट गया है। मुझे खुशी है कि जिस खिलाड़ी को मैं हमेशा पसंद करता था, उसने ये रिकॉर्ड तोड़ा है। अफरीदी ने कहा, 'गंभीर ने जिस तरह से अपनी कोचिंग की शुरुआत की, ऐसा लगा कि उन्हें लगता है कि जो वे सोचते और कहते हैं वही सही है, लेकिन कुछ समय बाद साबित हो गया कि आप हमेशा सही नहीं होते।'



## भारतीय जर्सी पहनना ही हमें प्रेरित करता है, विश्व कप की जीत पर बोलीं स्मृति मंधाना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उप-कप्तान स्मृति मंधाना ने बताया कि उन्हें क्रिकेट से बढ़कर कुछ भी प्यारा नहीं है। 29 वर्षीय इस स्टार क्रिकेटर ने भारत के साथ आईसीसी महिला वनडे विश्व कप जीतने के अपने अनुभव के बारे में भी खुलकर बात की। भारतीय महिला टीम ने 2 नवंबर को नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेले गए फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर अपना पहला वनडे विश्व कप खिताब जीता।

मंधाना ने अमेज़न संभव समिट में कहा कि मुझे नहीं लगता कि क्रिकेट से बढ़कर मुझे कुछ और प्यारा है। भारतीय जर्सी पहनना ही हमें प्रेरित करता है। आप अपनी सारी परेशानियां भूल जाते हैं, और यही सोच आपको जीवन पर ध्यान केंद्रित करने में मदद करती है। बचपन से ही बल्लेबाजी का जुनून मुझमें था। कोई इसे समझ नहीं पाया, लेकिन मेरे मन में हमेशा से विश्व चैंपियन बनने का सपना था। भारतीय उप-कप्तान ने कहा, ÷विश्व कप जीत वर्षों के संघर्ष का फल है। हम इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। मैं 12 साल से अधिक समय से क्रिकेट खेल रही हूं और कई बार हालात हमारे पक्ष में नहीं रहे। फाइनल से पहले हमने इसकी कल्पना की थी, और जब आखिरकार हमने इसे स्क्रीन पर देखा, तो हमारे रोंगटे खड़े हो गए। यह हम सभी के लिए एक खास पल था।÷

इससे पहले, रविवार को मंधाना ने पुष्टि की कि संगीतकार पलाश मुच्छल से उनकी शादी रद्द हो गई है, जिससे हफ्तों से चल रही अटकलों पर विराम लग गया। यह घोषणा उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक सार्वजनिक पोस्ट में की, जिसमें भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उप-कप्तान ने कहा कि पिछले महीने समारोह के अचानक स्थगित होने के बाद फैल रही अफवाहों पर उन्हें जवाब देना जरूरी लगा। मंधाना ने दोनों परिवारों के लिए निजता बनाए रखने का अनुरोध किया है।

मंधाना ने अपने पोस्ट में लिखा कि पिछले कुछ हफ्तों से मेरे जीवन को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं और मुझे लगता है कि इस समय मेरे लिए इस बारे में बोलना जरूरी है। मैं बहुत ही निजी व्यक्ति हूं और मैं इसे इसी तरह रखना चाहती हूं, लेकिन मुझे यह स्पष्ट करना है कि शादी रद्द हो गई है। मैं इस मामले को यहीं समाप्त करना चाहती हूं और आप सभी से भी ऐसा ही करने का अनुरोध करती हूं। मैं आप सभी से निजता का सम्मान करने का अनुरोध करती हूं और हमें अपने हिसाब से आगे बढ़ने और इस पर विचार करने का समय देने की अपील करती हूं।



## एक्सिस म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया एक्सिस गोल्ड एंड सिल्वर पैसिव फ़ंड ऑफ फ़ंड

मुंबई, एजेंसी। भारत की अग्रणी एसेट मैनेजमेंट कंपनियों में से एक, एक्सिस म्यूचुअल फंड ने आज एक्सिस गोल्ड एंड सिल्वर पैसिव फ़ंड ऑफ फ़ंड लॉन्च करने की घोषणा की। यह एक ओपन-एंडेड फंड ऑफ फंड्स स्कीम है, जो गोल्ड और सिल्वर एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स की यूनिट्स में निवेश करेगी। नया फंड ऑफर 10 दिसंबर 2025 से सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा और 22 दिसंबर 2025 को बंद होगा। इस नए फ़ंड के लॉन्च पर बोलते हुए, एक्सिस एएमसी के एमडी और सीईओ श्री बी. गोपकुमार ने कहा- सोना और चांदी ऐतिहासिक रूप से मुद्रास्फीति और मुद्रा अस्थिरता के खिलाफ प्रभावी सुरक्षा प्रदान करते रहे हैं और पोर्टफोलियो को विविधता देने में सहायता करते हैं। एक्सिस गोल्ड एंड सिल्वर पैसिव फ़ंड ऑफ फ़ंड के माध्यम से, हम निवेशकों को इन कीमती धातुओं में एक्सपोज़र प्राप्त करने का सरल और किफायती तरीका दे रहे हैं, वह भी फिजिकल स्वामित्व की जटिलताओं के बिना।

## पब्लिक ऑफर के माध्यम से 50.92 करोड़ रुपये तक जुटाने की योजना बना रही है

अहमदाबाद एजेंसी। एचआरएस अलुग्लेज़ लिमिटेड, जो एल्युमिनियम उत्पादों के डिजाइन, निर्माण और इंस्टॉलेशन में संलग्न है, अपनी पब्लिक ऑफर से 50.92 करोड़ रुपये तक जुटाने की तैयारी में है। यह पब्लिक ऑफर 11 दिसंबर 2025 को खुलेगा और 15 दिसंबर 2025 को बंद होगा। इस ऑफर के लीड मैनेजर क्यूम्युलेटिव कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड हैं। कंपनी के शेयर बीएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध होंगे। 50.92 करोड़ रुपये का यह आईपीओ 53.04 लाख इक्विटी शेयरों के फ्रेश इश्यू से बना है, जिसमें 2.748 लाख शेयरों का मार्केट मेकर पोर्शन शामिल है। सार्वजनिक निवेशकों को कुल 50.29 लाख इक्विटी शेयर पेश किए जाएंगे, जिनका फेस वैल्यू 10 रुपये है, और प्राइस बैंड 94-96 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। इश्यू से प्राप्त शुद्ध आय में से 18.30 करोड़ रुपये राजोदा, अहमदाबाद में फसाड वर्क के लिए असेंबली और ग्लास ग्लेज़िंग लाइन स्थापित करने हेतु फंडिंग केपिट पर खर्च किए जाएंगे, 19 करोड़ रुपये वर्किंग केपिटल्स की जरूरतों के लिए उपयोग होंगे, और शेष राशि सामान्य कॉरपोरेट उद्देश्यों के लिए रहेगी। रिटेल श्रेणी में कुल 17.85 लाख शेयर उपलब्ध हैं।

## नया ट्रेंडसेटर एक्सयूवी700 की विरासत को आगे बढ़ाने को तैयार

मुंबई, एजेंसी। भारत की अग्रणी एसयूवी निर्माता, महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने आज प्रीमियम एसयूवी सेगमेंट में अपनी अगली बड़ी पेशकश— एक्सयूवी 7एक्सओ —के नाम की घोषणा की। एक्सयूवी700 की विरासत पर बनी, जिसने सिर्फ चार वर्षों में 300,000 से अधिक गर्वित मालिकों के साथ भारत में एसयूवी सेगमेंट में क्रांति ला दी थी, एक्सयूवी 7एक्सओ उन सभी चीजों को ऊपर उठाती है जिसने एक्सयूवी700 को गेमचेंजर बनाया था। प्रेरित करने के लिए तैयार की गई और रोमांच पैदा करने के लिए इंजीनियर की गई, यह एक्सयूवी700 की सिद्ध खूबियों को बेहतरीन डिज़ाइन, टेक्नोलॉजी, कम्फर्ट और परफॉर्मेंस के साथ जोड़ती है—एक ऐसी एसयूवी प्रदान करती है जो न केवल विकसित हुई है, बल्कि वास्तव में असाधारण है।

## घरों की कीमतें दो वर्षों में छह फीसदी की दर से बढ़ेंगी

नई दिल्ली, एजेंसी। मकानों की कीमतें दो वर्षों में 6 फीसदी की दर से बढ़ेंगी। लेकिन वर्तमान में बाजार को गति देने वाले लग्जरी क्षेत्र में तेजी पांच वर्षों में समाप्त हो जाएगी। घरों की औसत कीमतें पिछले दशक में दोगुनी से भी ज्यादा बढ़ी हैं। पिछली तिमाही की तुलना में थोड़ी कमजोर रही। सर्वे के मुताबिक, ये पूर्वानुमान भारत में 8.2 फीसदी की आर्थिक वृद्धि की पृष्ठभूमि में आए हैं, जिसने अधिकांश समकक्षों को पीछे छोड़ दिया है। अर्थशास्त्रियों का कहना है कि इस तेजी का लाभ असमान रूप से उच्च आय वालों को मिला है।

# ट्रूकॉलर ने पूरे परिवार को फ़ोन पर होने वाले स्कैम से बचाने के लिए लॉन्च किया फैमिली प्रोटेक्शन

**फैमिली प्रोटेक्शन सीधे एंड्रॉइड और आईओएस पर उपलब्ध ट्रूकॉलर ऐप में मौजूद है**




**मुंबई, एजेंसी।**
ट्रूकॉलर ने आज एक नए और बेहद महत्वपूर्ण फीचर, यानी फैमिली प्रोटेक्शन के लॉन्च की घोषणा की, ताकि परिवार अपने अनुभवों को एक-दूसरे से साझा करके इस डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रह सकें। फैमिली प्रोटेक्शन सीधे एंड्रॉइड और आईओएस पर उपलब्ध ट्रूकॉलर ऐप में मौजूद है, जिससे यूज़र्स को भरोसेमंद फ़ैमिली ग्रुप बनाने की सुविधा मिलती है ताकि उन्हें स्कैम और अनचाहे कॉल से तुरंत सुरक्षा मिल सके। एंड्रॉइड की बात करें, तो फ़ैमिली एडमिनिस्ट्रेटर को उस फैमिली ग्रुप के दूसरे सदस्यों के फोन पर आने वाले संभावित स्कैम कॉल का अलर्ट मिल सकता, और वो ऐसे कॉल को दूर बैठे ही बंद कर सकता है।

इस मौके पर ट्रूकॉलर के सीईओ, ऋषित झुनझुनवाला ने कहा, ट्रूकॉलर का इस्तेमाल तो परिवार के सदस्य पहले से ही कर रहे हैं, और अब हमने परिवार के सीटीओ को यह सुविधा उपलब्ध कराई है कि वे कम तकनीकी समझ वाले सदस्यों की भी सुरक्षा कर सकें। धीरे-धीरे स्कैम के तरीके बदल रहे हैं, इसलिए हम ट्रूकॉलर को ऐसा प्लेटफ़ॉर्म बनाना चाहते हैं, जिस पर परिवार मन की शांति और एहतियाती सुरक्षा के लिए भरोसा करें। फ़ैमिली प्रोटेक्शन के ज़रिये ज़्यादा-से-ज़्यादा पाँच लोग ही एक भरोसेमंद फ़ैमिली ग्रुप में जुड़ सकते हैं, जहाँ शेयर किए गए टूल्स उन्हें स्कैम कॉल से सुरक्षित रहने में मदद करते हैं। हर ग्रुप में एक फ़ैमिली एडमिन होता है, जो प्रोटेक्शन लेवल सेट कर सकता है, ब्लॉकलिस्ट को मैनेज कर सकता है, साथ ही अनचाहे कॉल्स को संभालने के बारे में भी निर्देश दे सकता है। एंड्रॉइड की बात करें, तो एडमिन संदिग्ध कॉल आने पर रियल-टाइम सपोर्ट टूल्स का इस्तेमाल करके भी कार्रवाई कर सकता है। इसका उद्देश्य बेहद सरल है- टेक्नोलॉजी की कम जानकारी रखने वाले अपनों के लिए स्कैम कॉल्स से बचाव को आसान बनाना, क्योंकि स्कैम कॉल के तरीके लगातार बेहतर हो रहे हैं। फ़ैमिली प्रोटेक्शन में फ़ैमिली एडमिन को पूरे ग्रुप में सुरक्षा बनाए रखने के लिए टूल्स का एक सेट मिलता है। फ़ैमिली एडमिन सुरक्षा के स्तर तय कर सकता है और उसे अपडेट कर सकता है, ब्लॉकलिस्ट संभाल सकता है और ज़रूरत के समय रिमोट सपोर्ट टूल का इस्तेमाल कर सकता है। एंड्रॉइड पर, एडमिन को संभावित स्कैम कॉल के दौरान अलर्ट भी मिल सकता है, दूर से ही फैमिली ग्रुप में आने वाले संदिग्ध कॉल की जानकारी प्राप्त कर सकता है,।

## शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**सेंसेक्स 426, निफ्टी 140 अंक ऊपर आया**

मुंबई । भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को तेजी के साथ बंद हुआ। बाजार में ये तेजी दुनिया भर से मिलेजुले संकेतों के बाद भी ऑटो और मेटल शेयरों में खरीदारी हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 426.86 अंक बढ़कर 84,818.13 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 140.55 अंक ऊपर आकर 25,898.55 पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान ऑटो और मेटल शेयरों में सबसे अधिक उछला आया। निफ्टी ऑटो 1.11 फीसदी और निफ्टी मेटल 1.06 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ। आज लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी तेजी दर्ज की गयी। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 570.30 अंक बढ़कर 59,578.05 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 137.90 अंक ऊपर आकर 17,228.05 पर बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में टाटा स्टील, कोटक महिंद्रा बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, मारुति सुजुकी, सन फार्मा, टेक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, एमएंडएम, ट्रेंट, एचसीएल टेक और एचयूएल के शेयरा लाभ में रहे जबकि एशियन पेंट्स, भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, पावर ग्रिड, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, टाइटन और बजाज फिनसर्व के शेयर गिरे। मिलेजुले वैश्विक संकेतों के बीच भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को सपाट खुला। सुबह 9ः18 पर सेंसेक्स 12 अंक की मामूली गिरावट के साथ 84,379 और निफ्टी 2 अंक की कमजोरी के साथ 25,762 पर था। इससे पहले आज सुबह बाजार बढ़त के साथ खुले। बीएसई सेंसेक्स ने दिन की शुरुआत 84,456 अंकों पर की। हालांकि खुलते ही इसमें हल्की कमजोरी और तेजी का दौर दिखा यह मात्र 16.36 अंकों की मामूली बढ़त के साथ 84,407.63 पर ट्रेड कर रहा था। इसी तरह निफ्टी 25,771 पर खुलने के बाद शुरुआती व्यापार में उतार-चढ़ाव दिखाया। सुबह निफ्टी 31.80 अंकों की बढ़त लेकर 25,789.80 पर पहुंच गया। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के लगातार तीसरी बार 0.25 फीसदी की ब्याज दर कटौती से भी बाजार पर प्रभाव पड़ा है।

## भारत की विश्व कप जीत का जश्न तनिष्क एक्सचेंज के माध्यम से भारत के अपने सोने के साथ मनाया

**मुंबई, एजेंसी।**
भारत का सबसे बड़ा ज्वेलरी रिटेल ब्रांड और टाटा समूह का एक हिस्सा, तनिष्क भारतीय महिला क्रिकेट टीम की आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप ऐतिहासिक जीत का जश्न मना रहा है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने अपने अटूट कौशल, दृढ़ संकल्प और साहस का प्रदर्शन करते हुए पूरे देश की उम्मीदों को पूरा किया। उनकी यह जीत सिर्फ एक ट्रॉफी नहीं बल्कि साहस, दृढ़ता, टीम वर्क, और पूरे भारत में महिलाओं की असीमित क्षमता को दर्शाती है। बाधाओं को तोड़कर और देश भर की युवा लड़कियों को प्रेरित करके, भारतीय महिला क्रिकेट टीम राष्ट्रीय गौरव का एक सच्चा प्रतीक बन गई हैं। उनकी इस जीत ने पूरे देश में प्रशंसा और खुशी की लहर पैदा कर दी है।

दशकों से, तनिष्क ने पूरे भारत में महिलाओं की कहानियों और उन्होंने हासिल किए हुए पड़ावों को दर्शाया है। अपनी स्थापना से लेकर आज तक, यह ब्रांड हर महिला की यात्रा को सशक्त बनाने और समर्थन देने के लिए खड़ा रहा है। इसी भावना में, भारतीय महिला क्रिकेट टीम के तनिष्क ब्रांड द्वारा किए जा रहे सम्मान ने एक विशेष रूप लिया है। तनिष्क ने देश भर के परिवारों द्वारा एक्सचेंज किए गए सोने से बनी अंगूठियों के माध्यम से उन्हें सम्मानित किया है। यह अंगूठियाँ प्रत्येक भारतीय महिला क्रिकेट खिलाड़ी को उनकी उल्लेखनीय जीत के उपलक्ष्य में उपहार में दी गईं। यह एक




सार्थक भाव है जो भारतीय घरों को उन महिलाओं से जोड़ता है जिन्होंने देश को गौरवान्वित किया, यह भारत का ही एक हिस्सा है जिसे भारतीय विजेताओं के लिए फिर से तैयार किया गया है। टाइटन कंपनी लिमिटेड के ज्वेलरी डिवीज़न के सीईओ, श्री अजॉय चावला ने कहा, भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने देश को ऐसा गौरव प्रदान किया है जिसे आने वाली कई पीढ़ियों तक याद रखा जाएगा। उनका धैर्य, दृढ़ संकल्प और जिस तरह से उन्होंने 1.4 अरब लोगों की उम्मीदों को पूरा किया, वह यक़ीनन असाधारण है। तनिष्क की ये अंगूठियाँ उनकी भावना, प्रतिबद्धता और सफलता का सम्मान करने का हमारा तरीका हैं – इन्हें उस रिसाइकल्ड सोने से बनाया गया है जिसे लाखों ग्राहकों ने हमारे पास एक्सचेंज किया है। हर एक अंगूठी में देश का एक हिस्सा शामिल है, ठीक वैसे ही जैसे टीम देश का गौरव अपने दिल के करीब रखती है।

## इंडसइंड जनरल इंश्योरेंस ने सिट्रोइन इंडिया के साथ साझेदारी की

**मुंबई, एजेंसी।** भारत की अग्रणी निजी जनरल इंश्योरेंस कंपनियों में से एक इंडसइंड जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (जो पहले रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के नाम से जानी जाती थी) ने आज सिट्रोइन इंडिया के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। यह साझेदारी ग्राहकों को अधिक सुविधा, भरोसा और सुरक्षा देने के लिए की गई है, ताकि हर सिट्रोइन ग्राहक पहले दिन से ही निश्चिंत ड्राइविंग का अनुभव कर सके। इस साझेदारी के ज़रिए हम ग्राहकों को अनोखी लचीलापन और विकल्प दे रहे हैं, जिसमें कस्टमाइज़्ड मोटर इंश्योरेंस समाधान की व्यापक रेंज शामिल है। अभिनव कवरेज विकल्पों से लेकर आसान, डिजिटल-फर्स्ट क्लेम प्रक्रियाओं तक हम पूरे ओनरशिप अनुभव में गति, पारदर्शिता और पूर्ण मानसिक शांति सुनिश्चित करते हैं। हम अपना मजबूत डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और ग्राहक-प्रथम दृष्टिकोण लेकर आ रहे हैं, जो तेज़, कैशलेस क्लेम सेटलमेंट और पूरे भारत में प्रभावी सर्विस सपोर्ट सुनिश्चित करता है। चाहे ग्राहक शहरी क्षेत्र में हों या दूरदराज़ के इलाके में, अब सिट्रोइन मालिकों को तेज़ सेवा, कम तनाव और अनावश्यक देरी के बिना मदद मिलेगी। साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए इंडसइंड जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (पहले रिलायंस जनरल इंश्योरेंस) के सीईओ राकेश जैन ने कहा- हम सिट्रोइन इंडिया के साथ साझेदारी करके ग्राहकों को बेहतर सुरक्षा और सुविधा प्रदान करने के लिए उत्साहित हैं। अपनी डिजिटल-फर्स्ट अप्रोच और विस्तृत नेटवर्क के माध्यम से, हमारा लक्ष्य इंश्योरेंस को सिर्फ एक आवश्यकता नहीं, बल्कि एक मूल्य-वर्धित अनुभव बनाना है, जो कार ओनरशिप को और बेहतर करे।

## बोधि ट्री का एच1 एफवाय26 में 185 प्रतिशत मुनाफ़ा उछाल


**मुंबई, एजेंसी।** भारत की अग्रणी कंटेंट प्रोडक्शन कंपनियों में से एक, बोधि ट्री मल्टीमीडिया लिमिटेड , जिसने टीवी और डिजिटल दुनिया में कई हिट शो दिए हैं, ने क्यू2 एफवाय26 और एच1 एफवाय26 के अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणाम जारी कर दिए हैं। बोधि ट्री मल्टीमीडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, श्री मौतिक तोलिया ने कहा- इस तिमाही में हमारी मजबूत वृद्धि का सिलसिला जारी रहा है। यह हमारी क्रिएटिव टीम की क्षमता और ब्रॉडकास्टर्स व ओटीटी पार्टनर्स के हमारे प्रति बढ़ते विश्वास का स्पष्ट संकेत है। ‹चष्ट॥ के साथ हमारी हालिया साझेदारी ने उद्योग में हमारी स्थिति को और सुदृढ़ किया है और प्रीमियम कहानी कहने के लिए एक बड़ा कैनवास उपलब्ध कराया है। कुछ क्षेत्रों में आधार थोड़ा नरम रहने के बावजूद, बेहतर दक्षता और बेहतर निष्पादन के कारण हमारा समग्र प्रदर्शन सही दिशा में आगे बढ़ रहा है।

## चंदन हेल्थकेयर का एच1 एफवाय26 में 137 राजस्व, 16 शुद्ध लाभ

लखनऊ, एजेंसी। चंदन हेल्थकेयर लिमिटेड उत्तर भारत के डायग्नोस्टिक्स क्षेत्र में सशक्त और अग्रणी कंपनियों में से एक, ने एच1 एफवाय26 के अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणाम की घोषणा की है। चंदन हेल्थकेयर लिमिटेड के प्रमोटर और प्रबंध निदेशक श्री अमर सिंह ने कहा- एच1 एफवाय26 ने मजबूत वृद्धि का दौर दर्शाया, जिसमें राजस्व 23.38 प्रतिशत बढ़कर 137 करोड़ हो गया और लाभप्रदता भी मजबूत बनी रही। यह प्रदर्शन लगातार वॉल्यूम वृद्धि, बेहतर व्यवसाय मिश्रण और शिस्तबद्ध लागत प्रबंधन से समर्थित रहा। विस्तार की गति और बढ़ती डायग्नोस्टिक वॉल्यूम ने मार्जिन और समग्र वित्तीय प्रदर्शन को और मजबूत किया। साल की पहली छमाही में, हमने पटना, लखनऊ और अयोध्या जैसे शहरों में नए अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक केंद्र खोले और अपने चंदन मेडिकल सेंटर नेटवर्क का विस्तार जारी रखा, जिससे अधिक समुदायों तक पहुँच संभव हुई।

## रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गुरुवार को भारतीय रुपया 42 पैसे की गिरावट के साथ ही 89.92 पर बंद हुआ। शुरुआती कारोबार में रुपया 17 पैसे टूटकर 90.11 पर आ गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 89.95 पर खुला था। यह पिछले बंद भाव 89.87 के मुकाबले कमजोरी दर्शाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि बाजार में जोखिम से बचने की भावना और आयातकों की ओर से डॉलर की



बढ़ती मांग ने रुपये को कमजोर किया। इसके अलावा घरेलू शेयर बाजारों में नरमी और विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी भी गिरावट के लिए जिम्मेदार मानी जा रही है। निवेशक अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता के संकेतों का इंतजार कर रहे हैं। अगर सकारात्मक संकेत मिले, तो आने वाले दिनों में रुपये को मजबूती मिल सकती है। फिलहाल, बाजार में रुपये पर दबाव बना हुआ है।

## एफएआई सेमिनार 2025 में इंटीग्रेटेड न्यूट्रिएंट मैनेजमेंट होगा केंद्र बिंदु

# भारत की जलवायु स्मार्ट खेती की प्रगति को मिलेगी गति

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
भारतीय उर्वरक संघ (एफएआई 10 से 12 दिसंबर तक अपना वार्षिक सेमिनार 2025 नई दिल्ली में आयोजित करेगी। इसका उद्घाटन माननीय केमिकल्स एवं फ़र्टिलाइज़र्स तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, श्री जगत प्रकाश नड्डा द्वारा किया जाएगा। 'हरे भविष्य के लिए उर्वरक प्रबंधन- किसानों के सशक्तिकरण को गति' विषय पर आधारित यह सेमिनार उर्वरक उद्योग के लिए एक वैश्विक मंच होगा, जहाँ प्रमुख नीतिनिर्माता, वैज्ञानिक और उद्योग से जुड़े विशेषज्ञ एक साथ मिलकर सस्टेनेबल नुट्रिएंट मैनेजमेंट और किसान-केंद्रित विकास के अगले चरण पर चर्चा करेंगे।

इस कार्यक्रम में माननीय राज्य मंत्री सुश्री अनुप्रिया पटेल और उर्वरक विभाग के सचिव श्री रजत कुमार मिश्रा भी शामिल होंगे। इनके साथ ही तकनीकी प्रदाता,




पर्यावरण विशेषज्ञ, अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि और किसान प्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में चार तकनीकी सत्रों और सोलह प्रस्तुतियों के दौरान भारत और विदेश से आए प्रतिनिधि उर्वरक नीति, पोषक तत्व दक्षता, हरित उत्पादन के नए तरीक़ों और नवाचारों पर विचार-विमर्श करेंगे। इस कार्यक्रम पर टिप्पणी करते हुए, एफएआई के चेयरमैन और कोरोमंडल इंटरनेशनल के एमडी एवं सीईओ, श्री एस. शंकरसुब्रमण्यम ने कहा, जब भारत खाद्य सुरक्षा को मज़बूत करने के साथ-साथ सतत विकास के लक्ष्यों को आगे बढ़ा रहा है, ऐसे समय में उर्वरक क्षेत्र एक बड़े बदलाव के मोड़ पर खड़ा है। एफएआई का वार्षिक सेमिनार संवाद और ज्ञान-साझा करने के लिए एक व्यापक मंच प्रदान करता है, ताकि हरित और बेहतर पोषक प्रबंधन की दिशा तय की जा सके। उर्वरक उद्योग संसाधनों का बेहतर उपयोग करके और संतुलित पोषण को बढ़ावा देकर नवाचार और सस्टेनेबिलिटी को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही, यह उर्वरक क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए सरकार के साथ मिलकर काम कर रहा है। हम अपने लक्ष्यों को देश की कृषि जरूरतों के अनुरूप रखते हुए विकास, मजबूती और लंबे समय की खाद्य सुरक्षा को आगे बढ़ाते रहेंगे। भारत का उर्वरक उद्योग देश की खाद्य सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण आधार बना हुआ है। वर्ष 2024-25 में घरेलू उत्पादन 51 मिलियन टन तक पहुँच गया है, जो दस साल पहले 38 मिलियन टन था। देश में 150 से अधिक कंपनियाँ कुल पोषक तत्वों की आवश्यकता का लगभग तीन-चौथाई पूरी करती हैं, जबकि शेष भाग आयात के माध्यम से पूरी की जाती है। नई तकनीकों को अपनाकर– जिसमें नवीकरणीय ऊर्जा और ग्रीन अमोनिया जैसी पहलें शामिल हैं–वैश्विक प्रतिस्पर्धा में अपनी पकड़ मजबूत की है। भारत में 14 करोड़ से अधिक किसान परिवार उर्वरक का उपयोग करते हैं, और देश की उर्वरक खपत लगभग 70 मिलियन टन है, जो चीन के बाद दूसरे स्थान पर है। सिंचाई का दायरा बढ़ने, किसानों का अधिक मूल्य वाले फसलों की ओर रुझान बढ़ने और मिट्टी के स्वास्थ्य पर ज़्यादा ध्यान देने से पोषक तत्वों की मांग लगातार बढ़ रही है।

# लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड- रेनालिक्स को मिला क्लास सी विश्व की पहली एआई आधारित स्मार्ट हेमोडायलिसिस मशीन बनाने का लाइसेंस

**मुंबई, एजेंसी।** लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड ने भारत के मेड-टेक क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। कंपनी को सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन से क्लास ष्ट श्रेणी की विश्व की पहली ्एआई-आधारित स्मार्ट हेमोडायलिसिस मशीनें बनाने का लाइसेंस मिला है। यह एक अहम कदम है जो जीवन बचाने वाली हेल्थकेयर टेक्नोलॉजी में देश की आत्मनिर्भरता को मज़बूत करता है।

यह उपलब्धि और भी ऐतिहासिक हो जाती है क्योंकि लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड- रेनालिक्स को अब विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त सीई मार्किंग भी मिल गई है, जिससे यह डायलिसिस सिस्टम के लिए यह सर्टिफिकेशन पाने वाला दुनिया भर में सिर्फ़ छठा ब्रांड बन गया है। सीई मार्किंग यह पक्का करती है कि प्रोडक्ट यूरोपियन यूनियन के




स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण सुरक्षा के उच्चतम मानकों को पूरा करता है, जिससे पूरे यूरोपियन इकोनॉमिक एरिया में कानूनी तौर पर इसकी पहुँच संभव हो जाती है।

क्लास ष्ट वर्ल्ड की पहली एआई-बेस्ड स्मार्ट हेमोडायलिसिस मशीन बनाने का लाइसेंस मिलना भारत के मेड-टेक सिस्टम में सबसे मुश्किल रेगुलेटरी उपलब्धियों में से एक है। क्लास ष्ट डिवाइस हाई-रिस्क, जीवन बचाने वाली कैटेगरी में आते हैं, जिसका मतलब है कि इंजीनियरिंग या प्रोसेस में थोड़ी सी भी गड़बड़ी सीधे मरीज़ की जान पर असर डाल सकती है। यह लाइसेंस पाने के लिए, कंपनियों को लगभग 140 से ज़्यादा क्वालिटी, सेफ्टी और रिस्क-मैनेजमेंट पैरामीटर पर पूरी तरह से कम्प्लायंस दिखाना होता है, जिसमें बायो-कम्पैटिबिलिटी प्रूफ, इलेक्ट्रोमैकेनिकल सेफ्टी वैलिडेशन, स्टेरिलिटी एश्योरेंस, हर कंपोनेंट की ट्रेसिबिलिटी, सख्त डॉक्यूमेंटेशन और मल्टी-स्टेज प्लांट ऑडिट शामिल हैं। बहुत कम मैन्युफैक्चरर इस कैटेगरी में कोशिश करते हैं क्योंकि अप्रूवल का स्टैंडर्ड ग्लोबल रेगुलेटरी स्टैंडर्ड के बराबर है। इसलिए यह सर्टिफिकेशन बहुत ज़रूरी है- यह वह ऑफिशियल ऑथराइजेशन है जो लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड को देश में ही एडवांस्ड रीनल-केयर इक्विपमेंट बनाने, इम्पोर्टेड मशीनों पर देश की निर्भरता कम करने और यह पक्का करने की अनुमति देता है कि भारत का डायलिसिस इंफ्रास्ट्रक्चर ग्लोबल स्टैंडर्ड वाली, पूरी तरह से कम्प्लायंट, जीवन बचाने वाली टेक्नोलॉजी से सपोर्टेड हो।

## पोको ने लॉन्च किया सी85 5जी: 12के सेगमेंट में लेकर स्टाइला, परफॉर्मेंस और सबसे बढ़िया बैटरी का अनुभव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के प्रमुख कंज्यूमर टेक्नोलॉजी ब्रांड्स में से एक, पोको ने अपना नया स्मार्टफोन पोको सी85 5जी लॉन्च किया है। इसी के साथ पोको बजट स्मार्टफोन सेगमेंट को एक बार फिर से धमाल मचाने के लिए तैयार है। यह स्मार्टफोन भारत के डायनैमिक युवाओं के लिए बनाया गया है, जिन्हें बाहर रहते हुए भी हमेशा भरोसेमंद साथ चाहिए। यह फ़ोन जबरदस्त बैटरी बैकअप और शानदार लुक के साथ 12 हजार रुपये से कम कीमत वाले सेगमेंट में बेहतरीन वैल्यू देता है।




जबर्दस्त बैटरी अनुभव के लिए तैयार पोको सी85 5जी में 6000एमएएच की बैटरी है जो दो दिनों से अधिक की पावर प्रदान करती है। 33वाट फ़ास्ट चार्जिंग के साथ, आप लगभग 28 मिनट में 50 प्रतिशत चार्ज प्राप्त कर सकते हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि आप कभी स्लो ना हों। वहीं, 10वाट वायर्ड रिवर्स चार्जिंग डिवाइस को मोबाइल, टीडब्ल्यूएस ईयरबड्स, स्मार्टवॉच और अन्य एक्सेसरीज़ के लिए एक पोर्टेबल पावर बैंक के रूप में भी काम करने की सुविधा देता है।

भारत की हमेशा चलती-फिरती लाइफस्टाइल के लिए यह स्मार्टफोन एक स्लीक, आधुनिक डिज़ाइन और एक क्वाड-कर्व्ड बैक, एक स्लिम 7.99एमएम प्रोफ़ाइल के साथ आता है।



# तान्या मित्तल ने बिग बॉस 19 के अपने सफर के बारे में खुलकर बात की

**बिग बॉस 19 के पांच फाइनलिस्ट में से तान्या मित्तल एक थीं। वह फिनाले में बाहर हुईं। उन्होंने रियलिटी शो में अपने सफर के बारे में खुलकर बात की है। तान्या ने कहा कि वह अक्सर घर में बहुत अकेला और तन्हा महसूस करती थीं। उन्होंने खुलासा किया कि उन्हें दोस्ती करने में बहुत मुश्किल होती थी। आइए जानते हैं तान्या मित्तल ने शो के बारे में और क्या कहा है?**

न्यूज एजेंसी से बात करते हुए तान्या मित्तल ने बताया कि कंटेस्टेंट नीलम गिरी के साथ अच्छा रिश्ता था लेकिन एक वक्त ऐसा आया जब हमारे रिश्ते में तनाव आ गया। उन्होंने कहा, नीलम ने एक समय मुझसे सवाल पूछा कि क्या तुम झूठ बोलती हो? वह गुस्से में थीं और मुझ पर चिल्लाई थीं।

## कल्पू काका से है दोस्ती

उन्होंने बताया मैंने एक पेड़ से दोस्ती की, जिसका नाम कल्पू काका है। मुझे लगता है कि मैं सिर्फ एक ही दोस्त बना सकती हूं, और वो हैं कल्पू काका। बिग बॉस ने मुझे वो पेड़ लाने नहीं दिया। अगर मेरे दोस्त मेरे साथ होते, तो मुझे चीजों से बात नहीं करनी पड़ती। मुझे घर में बहुत अकेलापन और तन्हापन महसूस होता था। मुझे घर में बहुत खोया हुआ महसूस होता था। मैंने कभी झूठ नहीं बोला।

## हार नहीं मानती तान्या मित्तल

शो में उनके सबसे खुशी के पल के बारे में पूछे जाने पर, तान्या ने कहा, मैं शो में बहुत रोई हूं, मैं आपको बता नहीं सकती कि किस पल ने मुझे बहुत खुश किया। हर दिन एक नया चैलेंज होता था, मुझसे वो सब करने को कहा जाता था जो मैं करती आई हूं। उन्होंने आगे कहा मेरी सबसे बड़ी खूबी यह है कि चाहे कुछ भी हो जाए, चाहे मैं कितनी भी टूटी हुई क्यों न होऊं, मैं हार नहीं मानती।

आपको बता दें कि बिग बॉस 19 के फिनाले के बाद, एक्टर गौरव खन्ना ने बिग बॉस 19 की ट्रॉफी जीती। बिग बॉस 19 के ग्रैंड फिनाले में गौरव खन्ना का मुकाबला टॉप फाइनलिस्ट फरहाना भट्ट से हुआ, वह फर्स्ट रनर-अप रहीं। कंटेस्टेंट तान्या मित्तल, अमाल मलिक और प्रणित मोरे भी टॉप पांच में शामिल थे। गौरव खन्ना को विनर ट्रॉफी के साथ 50 लाख रुपये की प्राइज मनी दी गई।



# तमिल फिल्म वा वाथियार में स्पिरिट रीडर का किरदार निभा रही हैं कृति शेट्टी

अभिनेत्री कृति शेट्टी इन दिनों अपनी आने वाली तमिल फिल्म वा वाथियार को लेकर चर्चाओं में हैं। फिल्म में उनका किरदार एक स्पिरिट रीडर का है। इस बीच उन्होंने असल जिंदगी में कुछ ऐसा महसूस किया। कृति ने खुलासा किया कि शूटिंग शुरू होने से ठीक एक रात पहले उनके होटल के कमरे में उन्हें एक आत्मा दिखाई दी। इस घटना ने न सिर्फ उन्हें झकझोर दिया, बल्कि उनके किरदार के प्रति विश्वास भी मजबूत कर दिया। कृति ने कहा, मैं निर्देशक नलन कुमारस्वामी की इस फिल्म में एक ऐसी लड़की का किरदार निभा रही हूं, जो आत्माओं से बात करती है और जो दूसरे लोगों की तुलना में भावनाओं और ऊर्जा को अधिक गहराई से महसूस करती है। सिनेमा में ऐसे किरदार आमतौर पर कम ही देखने को मिलते हैं, खासकर भारतीय फिल्मों में, इसलिए यह मेरे लिए एक नया और एक्साइटिंग अनुभव था। जब मैं इस किरदार की तैयारी कर रही थी, तब मुझे अंदाजा भी नहीं था कि वास्तविक जिंदगी में भी कुछ ऐसा घट सकता है।

कृति ने कहा, मैं बचपन से ही मानती हूं कि आत्माएं होती हैं। मैं तुलु समुदाय से आती हूं, जहां पूर्वजों की पूजा की जाती है। ऐसा माना जाता है कि हमारे पूर्वज हमेशा हमारे आसपास होते हैं और हमारा मार्गदर्शन करते हैं। मैं आत्माओं की अवधारणा से कुछ हद तक परिचित हूं, लेकिन शूटिंग से पहले का अनुभव मेरे लिए बेहद विचलित कर देने वाला था। उन्होंने बताया, शूटिंग के लिए मैं और टीम एक होटल में रुके हुए थे, उसी रात मुझे किसी आकृति का एहसास हुआ। मैंने पूरा चेहरा नहीं देखा, लेकिन एक साफ-साफ छाया




जैसी आकृति मैंने महसूस की थी। उसी पल जब मैंने लाइट ऑन की, तो अचानक तेज आवाज हुई। उस समय मेरी मां भी साथ थीं। हम दोनों ने महसूस किया कि यह कोई सामान्य घटना नहीं थी। यह अनुभव इतना वास्तविक था कि इसे भ्रम या कल्पना माना ही नहीं जा सकता। कृति ने कहा, इस फिल्म में स्पिरिट रीडर का किरदार निभाते समय मुझे खुद भी लगता था कि शायद दर्शकों को ऐसी बातें अविश्वसनीय लगेंगी। लेकिन जैसे ही ये घटना घटी, मुझे लगा जैसे कोई मेरे इस किरदार में पूरी तरह ढलने के लिए संकेत दे रहा हो। फिल्म वा वाथियार में कृति के साथ अभिनेता कार्थी मुख्य भूमिका निभा रहे हैं, जो एक पुलिस अधिकारी के किरदार में हैं।



# रजनीकांत स्टारर जेलर 2 में कैमियो कर सकते हैं शाहरुख

रजनीकांत की आगामी फिल्म जेलर 2 को लेकर बड़ा बज सोशल मीडिया पर बना हुआ है। चर्चा है कि शाहरुख खान इसमें स्पेशल कैमियो करते नजर आ सकते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, मेकर्स फिल्म का स्केल बढ़ाने के लिए एक बड़े हिंदी सुपरस्टार को जोड़ना चाहते हैं और शाहरुख का नाम टॉप पर है। दावा है कि शाहरुख के हिस्से की शूटिंग के लिए मार्च 2026 की विंडो तय की गई है, हालांकि टीम की ओर से अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं। इससे पहले रजनीकांत की फिल्म कुली में आमिर खान कैमियो कर चुके हैं। फिल्म के निर्देशक नेल्सन दिलीप कुमार हैं, जिन्होंने पहली फिल्म जेलर (2023) को ब्लॉकबस्टर बनाया था। दिलचस्प बात यह है कि शाहरुख को कथित तौर पर कुली में भी एक कैमियो के लिए संपर्क किया गया था। हालांकि, उन्होंने कुछ कारणों से इस ऑफर को ठुकरा दिया था। जिसके बाद आमिर खान को जगह मिली थी। जेलर 2 कथित तौर पर पहली फिल्म की घटनाओं के बाद शुरू होगी, जिसमें मुधुवेल पांडियन का पीछा किया जाता है क्योंकि वो बदला लेने के लिए मूर्ति-तस्करी सिंडिकेट से भिड़ जाता है। कहा जाता है कि सीक्वल इस नए आपराधिक नेटवर्क की खोज को दिखाएगा। अभिषेक बच्चन भी दिखेंगे।

# मोहनलाल की एक और फिल्म के रीमेक में दिख सकते हैं अजय

ऑपरेशन जावा और सऊदी वेलक्का जैसी फिल्मों के निर्देशक थरुन मूर्ति इस साल मोहनलाल स्टारर थुदारुम की जबरदस्त सफलता के बाद से सुर्खियों में हैं। फिल्म ने दुनियाभर में 235 करोड़ से ज्यादा की कमाई की। इसी के बाद निर्देशक को हिंदी और तेलुगु में रीमेक ऑफर्स भी मिलने लगे। थरुन ने बताया कि हिंदी रीमेक के लिए अजय देवगन का नाम गंभीरता से चर्चा में है। अगर हिंदी रीमेक बनता है तो मैं अजय के लिए काफी मेहनत करूंगा, क्योंकि उनका स्टंट बैकग्राउंड कमाल का है। उनके पिता वीरू हिंदी सिनेमा के जाने-माने ऐक्शन डायरेक्टर रहे हैं। थुदारुम में मोहनलाल भी एक पूर्व स्टंटमैन का किरदार निभाते हैं, जो परिवार के साथ सादी जिंदगी बिताते हुए कार-फॉर-हायर सर्विस चलाता है। थरुन ने माना कि बैक-टू-बैक प्रोजेक्ट्स की वजह से फिलहाल रीमेक को तुरंत शुरू करना मुश्किल है लेकिन प्रोजेक्ट की चर्चा जारी है और जल्द आधिकारिक ऐलान हो सकता है। इसके अलावा थरुन की टॉरपीडो भी आनी है।





# रात अकेली... में चुनौतियां पैदा करता दिखेगा चित्रांगदा सिंह का किरदार

नेटफ्लिक्स की सफल थ्रिलर फिल्म रात अकेली है का दूसरा पार्ट 5 साल बाद आ रहा है। इस सीक्वल की राइटर स्मिता सिंह ने बताया कि कैसे एक ओपन एंड शट हत्याकांड ने उन्हें दोबारा लिखने के लिए प्रेरित किया और कैसे इस बार इंस्पेक्टर जटिल यादव के रूप में नवाजुद्दीन का किरदार सामाजिक साजिश का सामना करेगा, वह गढ़ना था।

बकौल स्मिता... पहले पार्ट में कहानी एक बंद घर और सीमित माहौल के अंदर हुई हत्या पर थी, जबकि इस नए पार्ट में हत्या पूरे देश के सामने जाहिर है। अपराध के हर पहलू के साथ यह पब्लिक केस है लेकिन फिर भी इसके अंदर एक बड़ी साजिश छिपी हुई है, जिसे सिर्फ जटिल यादव ही समझ सकता है।

स्मिता ने इस बात पर भी जोर दिया कि दूसरा पार्ट आर्टिकल 15 जैसे सोशल कॉमेंट्री वाले मिजाज में है। जहां पहला पार्ट स्मॉल टाउन हत्याकांड का अनुभव देता था, वहीं दूसरा पार्ट पूरे देश की नजरों के सामने ओपन एंड शट केस पेश करता है, जिसे देखना और समझना दोनों ही दर्शकों के लिए चुनौतीपूर्ण और रोमांचक होगा। खास बात है कि इसमें दुनिया जिसको हत्यारा मान रही है, वह जटिल यादव की नजरों में वह नहीं है। अब इस बार दांव बड़ा है, जो हो रहा है, ऐसा लग रहा है कि सबको पहले से पता है। नवाज के किरदार जटिल को मारधाड़ में यकीन कम पिहले पार्ट में जटिल का किरदार रूखा और गंभीर था लेकिन अब उसके जीवन में प्यार आने के कारण वह अधिक पॉजिटिव नजर आता है।

बावजूद इसके उसकी इंसिक्योरिटी और प्रोफेशनल फ्रस्ट्रेशन अब भी मौजूद हैं। कहानी में चित्रांगदा का किरदार जटिल यानि नवाज के लिए चुनौतीपूर्ण और ट्रैजिक है जो उस क्लास को दिखाता है जिसे लगता है कि उनके सामने पूरी दुनिया ही नहीं है। चित्रांगदा का कैरेक्टर बहुत कॉम्प्लेक्स और ट्रैजिक है।




# मैं डार्क और रियलिस्टिक सिनेमा बनाना पसंद करता हूं



**राम गोपाल वर्मा एक बार फिर से मनोज बाजपेयी के साथ फिल्म कर रहे हैं। इसका टाइटल पुलिस स्टेशन में भूत है। उनसे उनके नए प्रोजेक्ट्स पर हुई खास बातचीत...**

**क्या मानते हैं कि हॉरर फिल्मों के लिए अब ऑडियंस चेंज हुई है?**

मुझे नहीं लगता कि ऑडियंस चेंज हुई है। रामसे ब्रदर्स ने सफल हॉरर बनाई, फिर आगे चलकर उनकी फिल्मों में काफी ब्लड दिखना शुरू हो गया। वह फिल्में दर्शकों को शायद अच्छी नहीं लगी। मैंने जब रात और डरना मना है या भूत बनाई तो ब्लड के बजाय साइकोलॉजी का प्रयोग किया। वह सब साइकोलॉजिकल हॉरर फिल्में थीं। मैंने कैमरा एंगल और साउंड इफेक्ट्स की मदद से सीन में हॉरर का माहौल कायम किया।

**क्या इसे भूत की स्पिरिचुअल सीक्वल कह सकते हैं?**

बिल्कुल नहीं। पुलिस स्टेशन में भूत एक बिल्कुल अलग कहानी है। भूत से उसका कोई नाता नहीं है। इसकी कहानी एक इंस्पेक्टर की है, जो एक गैंगस्टर को मार देता है। अब उस गैंगस्टर की आत्मा उस पुलिस वाले में समा जाती है। ऐसे में, फिर क्या सब होता है, हमारी कहानी उस बारे में है। हम यह भी कहना चाहते हैं कि जब आम इंसान डरता है तो वह पुलिस के पास जाता है। जब पुलिस ही डरे तो क्या होगा।

**फिल्म में कितना हेवी वीएफएक्स और कितना रियलिज्म रखा है आपने?**

वीएफएक्स है, मगर वह कहानी पर हावी नहीं होती। बाकी मैं हाल के बरसों की हॉरर फिल्में फॉलो करता रहा हूं। मैंने स्त्री, मुंज्या जैसी हॉरर फिल्में देखी हैं। मुझे पसंद भी आई हैं।

**सत्या के समय क्या तय कर लिया था कि आम चेहरे वाले किसी युवक को हीरो बनाकर ही दम लेंगे?**

मैंने कभी उस पर्सपेक्टिव से फिल्में नहीं बनाई या कलाकारों का चयन हीरो या विलन के तौर पर किया। मैंने हमेशा कहानी, किरदार और हालात के बारे में सोचते हुए उनमें सबसे फिट बैठने वाले कौन कलाकार हो सकते हैं, उससे चीजें तय कीं। उसके ऊपर मैंने कभी यह नहीं सोचा कि मुझे किसी को लॉन्च करना है या किसी को हीरो ही बनाना है। सौभाग्य से तब हमारे प्रोड्यूसर्स भी मेरी बात से सहमति रखा करते थे।

**इतने वर्षों में शाहरुख के साथ फिल्में क्यों नहीं कीं**

शाहरुख का जो डिमीनर, कद और आभा है, वह सब बहुत बड़ा है। आम जिंदगी में भी उनसे मिलें तो वे अलग ही लेवल और एनर्जी से लैस महसूस होते हैं लेकिन मेरी फिल्ममेकिंग का स्टाइल कुछ अलग है। मैं डार्क और रियलिस्टिक सिनेमा बनाना पसंद करता हूं। इसलिए मुझे उनके हिसाब की कहानी हो तभी उन्हें अप्रोच करना सही लगता है। बेशक, हमने इतने सालों में चार-पांच बार फिल्म को लेकर मुलाकात की लेकिन स्टोरी डेवलपमेंट के दौरान मुझे लगा कि जो कहानी मैं बनाना चाहता हूं, वह उनके पर जस्टिफाई नहीं करेगी। इसलिए शाहरुख के साथ अभी तक कोई प्रोजेक्ट नहीं हुआ। वहीं अमिताभ बच्चन सर के साथ मामला अलग रहा। उन्होंने मेरी सत्या देखी थी और बाद में कंपनी भी देखी। मैं खुद उनकी दीवार और जंजीर जैसी फिल्मों से इंस्पायर्ड रहा हूं। इन चीजों की वजह से हमारी आपसी बॉन्डिंग गहरी हुई। जब काम करने का मौका आया, तो अनुभव बेहद सकारात्मक रहा और अब हम दोनों आगे और भी स्क्रिप्ट्स पर बातचीत कर रहे हैं।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in